Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 301 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, गुरुवार 30 मई 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

अहिंसा की रक्षा के लिए परिग्रह जोड़ना अभिशाप है।

For protection of nonviolence hoarding of wealth is is a curse.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली में उपराज्यपाल का बड़ा फैसला, अब दोपहर 12 से 3 बजे तक काम नहीं करेंगे मजदूर

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश के कई राज्यों में दिनों सूरज का सितम जारी है. कई इलाकों में तो हालात यह है कि पारा 50 डिग्री सेल्सियस यानी हाफ सेंचुरी लगा चुका है. राजस्थान, हरियाणा और राजधानी दिल्ली इन दिनों भीषण गर्मी का सामना कर रही है. उत्तर भारत में सूजर की तपिश ने लोगों की मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं. कई लोग घरों से निकलने में भी दो बार सोच रहे हैं तो जो लोग निकल रहे हैं वो हीट वेव यानी लू का चपेट में आ जा रहे हैं. इस बीच दिल्ली में उपराज्यपाल ने बड़ा फैसला लिया है. प्रचंड गर्मी के चलते राजधानी दिल्ली में दोपहर 12 से 3 बजे तक तक मजदूरों को काम से छूट दी गई है. यानी इस दौरान वर्कर ब्रेक ले सकेंगे.

पंजाब में ईडी की बड़ी कार्रवाई, तीन करोड़ की नगदी बरामद

रूपनगर (आरएनएस)। पंजाब में भोला ड्रग्स मामले से जुड़ी जांच में ईडी ने खनन ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी ने बुधवार को मुख्य आरोपी जगदीश सिंह उर्फ भोला से जुड़े मादक पदार्थों से जुड़े धन शोधन मामले के तहत राज्य के कई स्थानों पर छापेमारी की। जानकारी के मुताबिक रूपनगर जिले में कुल 13 परिसरों की तलाशी ली जा रही है। तलाशी के दौरान अब तक करीब 3 करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए हैं।

प्रदेश के मुख्यमंत्री ने झारखंड में ली 3 जनसभाएं, भाजपा प्रत्याशियों के लिए मांगे वोट

छत्तीसगढ़ सहित झारखंड की सभी लोकसभा सीट जीत रही भाजपा : विष्णुदेव साय

जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन चोर-चोर मौसेरे भाई : सीएम

रायपुर/ साहिबगंज/ पाकुड़/ दुमका (विश्व परिवार)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज झारखंड में 3 जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने साहिबगंज जिले के बरहेट, पाकुड़ जिले के अमरापाड़ा और दुमका जिले के शिकारीपाड़ा में सभा कर भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 7 मई को लोकसभा का चुनाव संपन्न हो चुका है और हम प्रदेश की सभी ग्यारह की ग्यारह सीटें जीतकर मोदी जी को दे रहे हैं। उन्होंने झारखंड की जनता से प्रदेश की सभी चौदह सीटें भाजपा को जिताकर पीएम मोदी को देने का आग्रह किया।

सीएम साय ने कहा कि झारखंड के लोगों को जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने खूब भरमाया। हमेशा यही भ्रम फैलाते हैं कि मोदी जी और भाजपा सरकार आई तो यहाँ के जल, जंगल, जमीन को लूट लेगी। जबकि पूरे झारखंडवासियों को पता है कि यहाँ के जमीन को लूटने वाला एक मात्र आदमी यहाँ के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं। झारखंड के लिए दुर्भाग्य की बात है कि आज यहाँ के पूर्व मुख्यमंत्री जमीन लूटने के मामले में, माइंस के लिए जमीन लेने के मामले में जेल में हैं। गठबंधन सरकार को घेरते हुए विष्णुदेव साय ने कहा कि यहाँ की सरकार में मंत्री, कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के पीए के घर से करोड़ों रूपए निकलता है। कांग्रेस के एक सांसद धीरज कुमार के यहां छापा पड़ता है तो उसके यहां से तीन सौ इक्यावन करोड़ रूपए घर से निकलता है। ये सारा जनता का पैसा है। ये पैसा विकास में नहीं लग रहा है, ये पैसा सड़क, बिजली, पानी के लिए नहीं लग रहा है बल्कि उन्होंने अपने एशो-आराम के लिए रखा है, जो उनके घर से मिल रहा है। उन्होंने कांग्रेस और जेएमएम को चोर-चोर मौसेरे भाई बताते हुए जनता से उसे उखाड़ फेंकने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और जेएमएम ने आदिवासियों का कोई विकास नहीं किया। उसे केवल बंधुआ मजदूर समझा, वोट बैंक समझा। भाजपा ने आदिवासियों का भरपूर सम्मान किया, कर रही है और आगे भी करेगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल जी ने आदिवासियों के हित के लिए अलग से आदिम जाति कल्याण मंत्रालय बनाया, जहाँ आदिवासी मंत्री पदभार संभालते हैं और बजट की भी कोई कमी नहीं होती है। श्री साय ने कहा कि आज संथाल की एक आदिवासी परिवार की बेटी, बहन द्रौपदी मुर्मू जी देश की राष्ट्रपति हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का दायित्व नरेंद्र मोदी जी ने मुझे सौंपा है। इसलिए हम कह सकते हैं कि आदिवासियों का हित भाजपा में ही सम्भव है।

मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का चुनाव : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए सीएम साय ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का चुनाव है। मोदी जी गरीब परिवार से आते हैं, इसलिए गरीबों की पीड़ा उन्हें पता है। मोदी जी 18 घंटे काम करते हैं। गरीबों को गैस सिलेंडर देने, घर बनाने, स्वच्छ पानी, उपचार की सुविधा, खाता खुलवाने से लेकर स्वच्छता शौचालय बनवाने का काम मोदीजी की सोच से संभव हुआ है। जम्मू एवं कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त करने के साथ देश को आतंकवाद से मुक्ति दिलाने का काम पिछले दस साल में हुआ है।

ननिहाल पहुंचे साय : विष्णुदेव साय ने सभा की शुरुआत में कहा कि आज वे अपने ननिहाल प्रदेश में आए हैं। झारखंड उनका ननिहाल है। झारखंड से छत्तीसगढ़ का रोटी-बेटी का रिश्ता है। खूंटी लोकसभा क्षेत्र के कुरडेग प्रखंड से उनकी माता जी आई हैं और वही उनका मामा गांव है। उनकी दादी माँ भी झारखंड की थीं। उनके सभी मामा भाजपा से जुड़े हुए हैं।

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशियों के लिए की वोट अपील

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज यहाँ तीन जनसभाओं को संबोधित किया और कहा कि पूरी दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने वाले नरेंद्र मोदी जी को हमें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। झारखंड की सभी 14 सीटें उनकी झोली में डालनी है। इसके लिए यहाँ की जनता का भरपूर सहयोग मिले, आप सभी भाजपा के लोकसभा प्रत्याशियों को जिताएं, ये आग्रह करने आया हूं।

क्या ओडिशा के सीएम की बिगड़ती सेहत के पीछे कोई साजिश है? भाजपा सरकार बनते ही कराएंगे जांच : पीएम मोदी

बारीपदा (आरएनएस)। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बिगड़ते स्वास्थ्य की खबरों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिंता जताई है. उन्होंने बुधवार को कहा कि अगर ओडिशा में भाजपा की सरकार बनती है तो वह जांच का आदेश देगी, ताकि पता लगाया जा सके कि उनके खराब स्वास्थ्य के पीछे कोई साजिश तो नहीं है।

क्या नवीन बाबू के बिगड़ते स्वास्थ्य के पीछे कोई साजिश है? क्या नवीन बाबू के नाम पर ओडिशा को चलाने वाली लॉबी सीएम के खराब स्वास्थ्य के लिए जिम्मेदार है? ओडिशा के लोगों को सच जानने का पूरा अधिकार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मयूरभंज के बारीपदा के छऊ मैदान में भाजपा की एक रैली को संबोधित करते हुए ये बात कही. मोदी ने कहा कि लोग सीएम के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं और हर कोई जानना चाहता है कि पिछले एक साल में उनका स्वास्थ्य इतना कैसे बिगड़ गया. उन्होंने कहा कि सीएम के करीबी लोगों का कहना है कि वह खुद कुछ नहीं कर पा रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कुछ लोगों को तो यह भी संदेह है कि नवीन बाबू के खराब स्वास्थ्य के पीछे कोई साजिश है. ओडिशा के लोगों को यह जानने का अधिकार है कि उनके बिगड़ते स्वास्थ्य के पीछे कोई साजिश तो नहीं है. इसलिए अगर ओडिशा में भाजपा सत्ता में आती है तो मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य में अचानक आई गिरावट के पीछे के कारणों की जांच के लिए एक विशेष समिति गठित की जाएगी.' मोदी ने कहा, रहस्य से पर्दा उठना चाहिए।

बीजू जनता दल (बीजद) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि उसने 25 साल तक शासन करने का मौका देने वाले लोगों को लूटा और धोखा दिया है. लोगों को धोखा देने वालों के प्रति कोई सहानुभूति नहीं होनी चाहिए. अगर बीजद फिर से सत्ता में आती है तो वह आदिवासियों की जमीन छीन लेगी, क्योंकि उसने राज्य में खनिज संसाधनों को लूटा है. उन्होंने कहा, जिन लोगों ने ओडिशा के लोगों को लूटा है, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी. ओडिशा के लोगों ने बीजद सरकार के 25 साल के शासन पर पूर्ण विराम लगाने का फैसला कर लिया है. लोग अब एक ओडिया मुख्यमंत्री और 'मोदी की गारंटी' चाहते हैं।

पीएम मोदी ने कहा, 25 साल बाद इतिहास रचा जाएगा. पूरा ओडिशा कह रहा है कि एक ओडिया राज्य का मुख्यमंत्री होगा. राज्य के लोग मोदी की गारंटी चाहते हैं. भारत पांच साल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा. ओडिशा जैसे राज्यों को इससे काफी फायदा होगा. यह देखते हुए कि भारत 2014 में 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, पीएम ने कहा कि देश अब 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और लोगों ने पिछले 10 वर्षों में विकास का वह स्तर देखा है जो उन्होंने दशकों में नहीं देखा था. उन्होंने कहा कि अगले पांच साल देश को एक आत्मनिर्भर और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में मजबूती से उभरते हुए देखेंगे, अगले पांच साल भारत के बुनियादी ढांचे के पूर्ण परिवर्तन के होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कन्याकुमारी दौरे को लेकर पुलिस ने कसी कमर

चेन्नई (आरएनएस)। कन्याकुमारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर तमिलनाडु पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस ने इसके चलते वहां भारी पुलिस बल की तैनाती की बात कही है। प्रधानमंत्री 30 मई, 31 मई और 1 जून को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान करेंगे। वे गुरुवार को शाम 4.45 बजे तिरुवनंतपुरम से हेलीकॉप्टर से कन्याकुमारी पहुंचेंगे और 1 जून को दोपहर 3.25 बजे तिरुवनंतपुरम लौटेंगे। वहां से वह नई दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे। तिरुनेलवेली रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक प्रवेश कुमार ने बताया कि बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पीएम के दौरे के लिए वहां तीन हजार पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे।

चुनावी रैली में प्रियंका गांधी ने कहा- राज्य के पर्यटन उद्योग पर नुकसान पंहुचा रहा बीजेपी

कुल्लू/हिमाचल प्रदेश (एजेंसी)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हिमाचल प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र समेत लघु और मध्यम कारोबारों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया. उन्होंने दावा किया कि नोटबंदी और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के कार्यान्वयन से राज्य के पर्यटन उद्योग पर असर पड़ा है. प्रियंका गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस लोकसभा चुनाव जीतकर सत्ता में आई तो वह लघु और मध्यम व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस क्षेत्र को मजबूत करेगी.

कुल्लू में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बंदरगाहों, हवाई अड्डों और कोयला खदानों जैसी देश की सार्वजनिक संपत्ति को अपने उद्योगपति मित्रों को सौंपने का आरोप लगाया. इसके अलावा, गांधी ने दावा किया कि अमेरिका से आने वाले सेबों पर आयात शुल्क कम कर दिया गया है, जबकि स्थानीय उत्पादकों को कृषि उपकरणों व औजारों पर लगाया गया जीएसटी चुकाना पड़ रहा है.

उन्होंने कहा कि इस कारण, राज्य के सेब उत्पादक अमेरिका से आयातित सेबों से प्रभावित हो रहे हैं, जिनकी बाजारों में भरमार है. उन्होंने आरोप लगाया कि अब कोविड टीकों के कारण लोग मर रहे हैं जबकि भाजपा ने टीके बनाने वालों से 52 करोड़ रुपये का चंदा लिया था. उन्होंने कहा कि 55 साल तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस सबसे अमीर पार्टी नहीं बन सकी, लेकिन भाजपा सिर्फ 10 साल में दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बन गई है. मंडी लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह के लिए प्रचार करते हुए उन्होंने कहा कि अगर 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनी तो राज्य की गरीब महिलाओं को हर महीने 10 हजार रुपये- लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र में घोषित 8,500 रुपये और हिमाचल प्रदेश में पार्टी की सरकार के वादे के अनुसार 1,500 रुपये- मिलेंगे.

राज्य की सभी चार लोकसभा सीटों के लिए मतदान अंतिम चरण में एक जून को होगा. उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सुंदर राज्य है और सुसंस्कृत राजनीति का प्रतीक है.

भीषण गर्मी | शिवलिंग की जलहरी से बंदर ने बुझाई प्यास...

छत्तीसगढ़ में नौतपा की भीषण गर्मी का असर देखने को मिल रहा है. इसका एक नजारा मुंगेली जिले में भी देखने को मिला, जहां लोरमी स्थित शिव मंदिर में गर्मी से राहत पाने के लिए डेरा डाला एक बंदर जलहरी से अपनी प्यास बुझाने लगा. इस दौरान मौजूद श्रद्धालुओं ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में पोस्ट कर दिया, जो अब काफी वायरल हो रहा है.

भाजपा इंसाफ और इंसानियत की राजनीति करती है : राजनाथ सिंह

सासाराम (आरएनएस)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को काराकाट से एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि राजद की हवा निकलती जा रही है। ऐसे भी लालटेन एक कमरे से ज्यादा क्षेत्र में रोशनी नहीं दे सकता है। आज दुनिया में सबसे कम मंहगाई दर है तो वह भारत में है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारत में महंगाई दर अगर 2.91 प्रतिशत है तो पाकिस्तान में 48 प्रतिशत, फ्रांस में 19 प्रतिशत, अमेरिका में 7.7 प्रतिशत है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थिति तो ऐसी हो गई है कि डायनासोर की तरह दस साल में पार्टी लुप्त हो जाएगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने कभी भी आंखों में धूल झोंकने की राजनीति नहीं की है। भाजपा जो कहती है, वह करती है। आज जम्मू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर दिया गया। अयोध्या में प्रभु श्री राम आज झोपड़ी से भव्य मंदिर में पहुंच गए। कल तक लोग तारीख नहीं बताने को लेकर ताना मारते थे, आज वे चुप हो गए।

उन्होंने दावा करते हुए कहा कि प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में पहुंच गए। अब रामराज का

बिहार में गर्मी से बुरा हाल, शेखपुरा में 50 छात्र स्कूल में बेहोश हुए

सीएम नीतीश कुमार ने राज्य के मुख्य सचिव को स्कूलों को बंद करने के निर्देश दिए

पटना (आरएनएस)। प्रचंड गर्मी से उत्तर भारत के सभी राज्य तप रहे हैं। दिल्ली में तापमान जहां 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, वहीं बिहार में लू के थपेड़ों से लोग परेशान हैं। खबर आ रही है कि बिहार में स्कूल भीषण गर्मी में खुले हैं, जिसके कारण कई बच्चे बीमार हो रहे हैं। शेखपुरा में 50 और बेगुसराय में 18 छात्र स्कूल में ही बेहोश हो गए।बीमार बच्चों का वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है।

बिहार के स्कूल 15 अप्रैल से 15 मई तक गर्मी के कारण बंद हुए थे। इसके बाद स्कूल सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक चल रहे हैं।अभी तक 9 जिलों में 80 बच्चों के बीमार होने की खबर आई है, जिसमें बेगूसराय, शेखपुरा, सीवान, भागलपुर, मुंगेर, जमुई, बांका और कटिहार शामिल है। यहां तापमान 42 से 48 डिग्री के बीच बना हुआ है।कुछ बच्चों को स्कूल से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बिहार में गर्मी के कारण स्कूलों में बीमार होने की घटना के कारण सीएम नीतीश कुमार ने राज्य के मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा को निर्देश दिए . अब सभी तरह के स्कूल, कोचिंग और शिक्षण संस्थान आठ जून तक पूर्ण रूप से बंद रखे जाएंगे।

सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में 8 लाख की ईनामी महिला नक्सली ढेर, हथियार बरामद

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सली एनकाउंटर हुआ है. सुरक्षाबलों और नक्ललियों के बीच मुठभेड़ में 2 माओवादी के ढेर होने की खबर है, जिसके शव बरामद कर लिए गए हैं. साथ ही दो हथियार भी बरामद किए गए हैं. जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में 8 लाख की इनामी महिला माओवादी भी शामिल है. हालांकि सुरक्षाबलों और नक्ललियों के बीच मुठभेड़ अब भी जारी है। ये मुठभेड़ आज सुबह से मद्देड थाना क्षेत्र के बददेपारा इलाके में चल रही है, जिसकी पुष्टि बीजापुर एसपी जितेन्द्र यादव ने की है. मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में एक महिला समेत दो माओवादी शामिल हैं. वहीं घटनास्थल से मारे गए माओवादियों के शव और उनके साथ हथियार भी बरामद कर लिए गए हैं. जानकारी के मुताबिक, इस मुठभेड़ में 8 लाख की इनामी महिला माओवादी लीडर मनीला के मारे जाने की खबर है. मनीला माओवाद संगठन में डीवीसीएम पद पर पदस्थ थी। मारे गए माओवादीयों के पास से दो हथियार भी बरामद किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुठभेड़ में माओवादी मनीला के मारे जाने की खबर मिल रही है। मनीला पर 8 लाख रूपये का ईनाम घोषित था।

अमित शाह ने कहा- हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने के लिए तैयार विपक्षी दल

महाराजगंज/देवरिया (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को महाराजगंज और देवरिया में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने तुष्टीकरण की राजनीति के लिए पिछड़े समाज के आरक्षण पर कैंची चलाने का काम किया है।

अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दल कहते हैं कि भाजपा आरक्षण खत्म कर देगी। दस वर्ष से भाजपा की सरकार है, कोई आरक्षण खत्म नहीं किया गया। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस वाले झूठ बोलने में माहिर हैं। अभी ये सहारा के रिफंड का मुद्दा उठा रहे हैं। जब सहारा का घोटाला हुआ तो किसका राज था? अरे अखिलेश बाबू, आपकी सरकार में घोटाला हुआ। मोदी जी ने तो रिफंड की शुरुआत की। मैं आज यहां कह रहा हूं कि सहारा में जिन लोगों का पैसा फंसा है, हम उनकी पाई-पाई वापस करने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने वाले और राम मंदिर बनाने वालों के बीच का चुनाव है। आपको तय करना है कि आप राम मंदिर बनाने वाले नरेंद्र मोदी जी के साथ रहोगे या गोली चलाने वाली सपा-कांग्रेस के साथ?

अमित शाह ने कहा कि पीओके हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे। आपकी एक वोट की ताकत देखिए कि मोदी जी ने आतंकवाद से मुक्त करा दिया। पुलवामा में आतंकवादी हमला हुआ, भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक की और पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों को मारा है। कांग्रेस पार्टी देश को डरा रही है कि पीओके की बात मत करो, पाकिस्तान के पास एटम बम है। अरे, राहुल बाबा पाकिस्तान के एटम बम से हम भाजपा वाले नहीं डरते।

उन्होंने आगे कहा कि मोदी जी 305 सीट पाचवें चरण में ही पार कर चुके हैं। छठे और सातवें चरण में 400 पार करने वाले हैं। 4 जून को काउंटिंग है, 4 जून की दोपहर को ये दोनों शहजादे (राहुल गांधी और अखिलेश यादव) प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और कहेंगे कि ईवीएम खराब थी, इसलिए हम हार गए। इन्होंने तय कर लिया है कि अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ना है। 4 जून को ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ेंगे और 6 जून की इनकी टिकट बुक है, ये बैंकाक-थाईलैंड छुट्टी मनाने चले जाएंगे। राहुल बाबा 40 सीट भी पार नहीं कर रहे हैं और अखिलेश जी 4 के अंदर रहने वाले हैं।

अमित शाह ने आगे कहा कि देवरिया चीनी का कटोरा कहा जाता था, सपा-बसपा की सरकार में चीनी मिल बंद कर दी गई। हर जिले में एक-एक बड़ी चीनी मिल चालू की जाएगी।

पश्चिम से पूरब तक हार रही है भाजपा, जनता की नाराजगी सड़कों पर : अखिलेश यादव

मीरजापुर (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्रीअखिलेश यादव ने बुधवार को नगर के बरकछां कलां में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रमेश चन्द्र बिन्द के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बरकछां कलां में आयोजित जनसभा में कहा कि भाजपा सरकार के खिलाफ जनता की नाराजगी सड़कों पर दिख रही है। भाजपा ने दस सालों में सभी के साथ धोखा किया है। किसी को भी नहीं छोड़ा है। हर वर्ग के साथ भेदभाव किया है। भाजपा संविधान बदलना चाहती है। यही संविधान न्याय, अधिकार, सम्मान, नौकरी दिलाता है। भेदभाव खत्म करता है। बाबा साहब का संविधान हम सबके लिए संजीवनी है। यह संविधान आगे बढ़ने का अवसर देता है। उन्होंने कहा भाजपा की नीयत ठीक नहीं है। इस लड़ाई में एक तरफ संविधान बचाने के लिए हम इंडिया गठबंधन के लोग है, तो वहीं दूसरी तरफ संविधान बदलने की बात करने वाले भाजपा के लोग है। इस लोकसभा चुनाव में जनता संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी हो गयी है। पहले चरण के चुनाव से ही जनता ने भाजपा के सफाये का मन बना लिया था।

संक्षिप्त समाचार

जिला अस्पताल में आज होगा विशेष कैंसर जाँच शिविर का आयोजन

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। कलेक्टर के. एल.चौहान के निर्देश अनुसार जिला अस्पताल बलौदाबाजार में माह के दूसरे और चौथे गुरुवार को विशेष कैंसर जाँच शिविर का आयोजन किया जाता है। इस माह चौथे गुरुवार को शासकीय अवकाश होने के कारण उक्त जाँच अब गुरुवार आज 30 मई को होगी। इस बारे में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार जाँच के लिए रायपुर के बड़े निजी अस्पताल की कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नेहा जायसवाल अपनी सेवा देंगी। यह जाँच सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तो उपलब्ध रहेगी।अंतर मासिक रक्तस्राव, शरीर के किसी छिद्र से रक्तस्राव, वजन कम होना, माहवारी बंद होने के बाद रक्तस्राव, दुर्गन्धयुक्त स्राव, पेट के निचले हिस्से में गांठ एवं दर्द, मुँह या त्वचा में घाव या अल्सर, आवाज़ में बदलाव, लगातार खाँसी और भोजन निगलने में कठिनाई ये कुछ ऐसे लक्षण हैं जो कैंसर के खतरे को प्रकट करते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने अस्पताल में उपलब्ध इस नि:शुल्क सुविधा का लाभ लेने की अपील की है।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ, खेलों की तकनीक व नियमो की दी जा रही जानकारी

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 15 मई 2024 से जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों एवं ग्रामीण खेल अभ्यास योजनान्तर्गत चिन्हित 15 स्कूलों में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ किया गया है। खेल प्रशिक्षण शिविर दो पालियों में प्रात: एवं सायंकाल में आयोजित किये जा रहे है। खेल अधिकारी श्रीमती प्रीति बंछोर ने बताया कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 15 मई से 4 जून तक 21 दिन तक आयोजित होंगे। शिविर में ओलम्पिक खेलों को शामिल करते हुए स्थानीय प्रचलित खेलों की तकनीक, नियम एवं जीवन मे अनुशासित रहने खिलाडियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बलौदाबाजार स्थित इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन, जुडो तथा आउटडोर में एथलेटिक्स एवं फुटबाल, कसडोल में फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी एवं एथलेटिक्स का कोच, व्यायाम शिक्षकों एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

बाजार क्षेत्र में गंदगी, निगम ने लगाया जुर्माना

रायपुर। आज नगर निगम जोन 2 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जोन 2 के क्षेत्र के तहत बाजारों में दुकानों की सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण नगर निगम को सफाई संबंधी प्राप्त जनषिकायतों की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने किया। स्थल पर निरीक्षण के दौरान विभिन्न 8 दुकानों में गंदगी मिली एवं जनषिकायत सही पायी गयी । इस पर जोन 2 जोन कमिश्नर डॉ. आर.के. डोंगरे के निर्देष पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री रवि लावनिया ने संबंधित 8 दुकानदारों को भविष्य के लिये कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए कुल 15200 रूपये का जुर्माना किया।

प्रशासन सहित खाद्य विभाग की टीम ने दी बम्लेश्वरी गैस एजेंसी में दबिश

स्टॉक मिलान में मिली बड़ी गड़बड़ी, निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूल करने मिली थी शिकायत

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। जिला मुख्यालय में लगातार गैस न मिलने की शिकायतों के आधार पर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर के.एल.चौहान के निर्देश पर मुख्यालय स्थित बम्लेश्वरी गैस एजेंसी (इंडेन) में बलौदाबाजार एसडीएम के नेतृत्व में खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश दी। इस दौरान स्टॉक मिलान में बड़ी संख्या में गडबड़ी मिली है। घरेलू एवं कामर्शियल गैस सिलेंडर भरे एवं खाली के भौतिक सत्यापन में लगभग 356 नग की अनियमितता पायी गई है। इसके अतिरिक्त गैस एजेंसी के गोदाम में डिफेक्टिव (14.2 कि.ग्रा.) के 44 नग सिलेण्डर एवं खाद्य प्रकरण में जब्त किया गया फर्म की सुपुर्दगी में किया गया। विभिन्न प्रकार के अलग-अलग कंपनीयों का 54 नग (14.2 कि.ग्रा.) का सिलेण्डर भौतिक सत्यापन में प्राप्त हुआ। फर्म द्वारा मौके पर प्राप्त जांच दिनांक को जांच समय तक आवक जावक के संबंध में कोई दस्तावेज बिल बिजक, होम डिलीवरी एवं कैश एण्ड कैरी के तहत प्रदाय रिफलिंग के सबंध में कोई भी दस्तावेज बिल बिजक प्रस्तुत नही किया गया है। स्टॉक एवं मूल्य प्रदर्शक बोर्ड का प्रदर्शन नही किया जाना पाया गया। मौके पर जप्त सभी सिलेंडरों को फर्म के मैनेजर वात्सल्य दिक्षित से जप्त कर उन्ही के सुपुर्दगी में रखा गया है। जांच के समय उपस्थित हितग्राही शिकायतकर्ता श्री त्रिलोचन सिंह ध्रुव ने बताया कि उनके द्वारा आनलाईन के माध्यम से 17 मई 2024 को बुकिंग करवाया गया, परन्तु दिनांक 21 मई 2024 तक उन्हें सिलेण्डर प्राप्त नहीं हुआ। तत्पश्चात परेशान होकर आनलाईन बुकिंग कैसिंल करवाकर एजेंसी कार्यालय में पर्ची कटवाकर गैस प्राप्त किया। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि एजेंसी के संचालक द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा प्रदान नहीं की जाती है।

इसी तरह अन्य शिकायतकर्ता रवि कंसारी ने बताया कि उनके द्वारा पिछले दो महीनों से कार्यालय में आकर लाइन लगाने के बाद कर्मचारियों द्वारा सिलेण्डर खत्म होने की बात कही गई, उसके बाद रवि कंसारी के द्वारा गोदाम जाकर देखने पर सिलेण्डर उपलब्ध पाया गया। रवि कंसारी द्वारा गैस सिलेण्डर की मांग किया गया परन्तु कर्मचारी द्वारा 1 हजार रुपए देने की बात कही गई। साथ ही उन्हें कभी भी घर पहुंच सुविधा प्रदान नहीं की गई है। इसी तरह अनिल पंजवानी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा 27 फरवरी 2024 को रिफिल करवाया गया जिसके लिये मुझें 885 रुपए शुल्क लिया गया। दिनांक 27 मई 2024 को उसके द्वारा रिफिल हेतु आया गया परन्तु एजेंसी संचालक द्वारा स्टॉक खत्म होना बताया गया।

जांच के समय उपस्थित नरेश गनशानी ने लिखित कथन देकर बताया कि उनके माता श्रीमती मोहनी गनशानी के नाम पर उपभोक्ता क्रमांक 1124190 पंजीकृत है। जिनके द्वारा ऑनलाईन बुकिंग करने पर 10-15 दिन विलंब से बार-बार कहने के उपरांत भी सिलेण्डर प्रदान किया जाता है। कई बार सेल्स आफिसर से शिकायत किया गया एवं एजेंसी के शो-रूम से होम डिलीवरी का चार्ज लेकर अधिक राशि लेकर जानबूझकर अतिरिक्त लाभ लेकर कैश एंड कैरी पद्धति से सिलेण्डर प्रदाय किया जाता है एवं दूरव्यहार किया जाता है। इसी प्रकार की शिकायते हरीश चन्द्र साहू, जयसूर्या पटेल, श्री प्रेमलाल यादव, अनिल पंजवानी, स्वाति किशोर बाजपेयी एवं गोवर्धन यादव के द्वारा भी किया गया। एजेंसी के मैनेजर वात्सल्य दीक्षित पिता मधुकांत दीक्षित कृष्णा विहार कालोनी निवासी ने बताया कि विगत एक वर्ष से प्रबंधक (मैनेजर) के पद पर कार्य कर रहा हूँ एवं समस्त दस्तावेज का संधारण, होम डिलीवरी, कैश डिलीवरी, स्कंध प्रबंधन इत्यादि एजेंसी के समस्त कार्य मेरे द्वारा किया जाता है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि घरेलू एलपीजी सिलेण्डर का रिफिलिंग दर 854 रुपये है परन्तु मेरे द्वारा प्रति सिलेण्डर (14.2 कि.ग्रा.) रिफिलिंग दर 885 रूपये शुल्क लिया जा रहा है एवं 883 रूपये रसीद पावती उपभोक्ताओं को प्रदान किया जाता है।

महावीर चौक स्थित व्यवसायी चंद्रेश गांधी की दुकान पर शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

जगदलपुर (विसं)। जगदलपुर के मुख्य व्यापारिक संस्थानों के मेन रोड महावीर चौक के व्यवसायी चंद्रेश गांधी के कपड़े की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग। आग के चपेट में आने से आसपास के दुकानों को भी हुआ भारी नुकसान आसपास के दुकानों के समीप खड़े वाहन भी जलकर हुए खाक.दमकल की वाहने मोके पर पहुँची दमकल कर्मियों को भी इस आग को बुझाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी घटनास्थल पर इतनी भीड़ जमा हो गई की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस बैरिकेट्स लगा दिए गए बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम के. भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया बचाव और राहत कार्य को तेजी से कार्य करने को निर्देश दिए आग की लपेटे इतनी तेज थी कि पास के ही एक और दुकान जो कि मन्नू अग्रवाल की जॉन प्लेयर शोरूम को भी अपने चपेट में ले लिया दुकान का सारा माल और फर्नीचर जलकर खाक हो चुका है इसके अलावा पार्किंग में खड़ी कार भी जलकर खाक हो चुकी है बताया जा रहा है की दुकान का पूरा इंश्योरेंस है जिसके चलते संभावित आर्थिक नुकसान को पूरा किया जा सकता है गौरतलब है कि ठीक इस दुकान के बगल में कुछ दिन पहले भी आग लगी थी जिस पर समय रहते काबू पा लिया गया था।

जून से भरे जाएंगे 10वीं और 12वीं के पूरक परीक्षा के फार्म

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के 10वीं और 12वीं पूरक परीक्षा के लिए आवेदन अगले माह जून से शुरू हो जाएगी। वहीं परीक्षा जून में ही आयोजित करने की तैयारी है। जानकारी के अनुसार 10वीं बोर्ड परीक्षा में 19,012 छात्र पूरक परीक्षा के लिए पात्र है। वहीं 12वीं में 22,232 छात्रों पर पूरक लगा है। माशिमं के मापदंड के मुताबिक एक या दो विषय में पूरक परीक्षा की पात्रता देते है। दूसरी ओर अन्य सालों की तरह इस बार पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना के लिए ज्यादा फार्म आए हैं। इस बार 30 हजार से अधिक आवेदन आए हैं। जबकि यह आंकड़ा पिछले साल की अपेक्षा 10 हजार से ज्यादा है।

शब्दाक्षर की शाम, मातृ शक्ति के नाम

रायपुर (विश्व परिवार)। शब्द शब्द को जोड़- जोड़कर करते हम रचनाएं हैं, अक्षर ने इतिहास रचा है, शब्दाक्षर ही कविताएं हैं। कवि छविलाल सोनी ने इन पंक्तियों के साथ तालियां बटोरीं। अवसर था राष्ट्रीय साहित्यिक (पंजीकृत) संस्था शब्दाक्षर की छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई द्वारा रायपुर शहर के वृंदावन हॉल में कल शनिवार 25 मई को आयोजित काव्य संध्या का। जिसमें कार्यक्रम अध्यक्ष पद की गरिमा बढ़ाई हिन्दी की सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ अर्चना श्रीवास्तव जी ने। मुख्य अतिथि समाज सेवा में अग्रणी कवयित्री मंजू यदु जी तथा सुप्रसिद्ध कवयित्री शब्दाक्षर की साहित्य मंत्री मधु सक्सेना जी ने मंचासीन होकर मंच को समृद्ध किया।

मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात रत्ना पांडेय द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना का गायन मां शारदे के आव्हान के साथ सभागार को संगीतमय कर गया।

स्वागत उद्बोधन संयोजिका एवं शब्दाक्षर की प्रदेश अध्यक्ष नीता श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

शब्दाक्षर संस्था की स्थापना से लेकर 25 राज्यों तक ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले संस्थापक अध्यक्ष रविप्रताप द्वारा स्थापित शब्दाक्षर के इस कार्यक्रम को प्रवाह दिया मीना शर्मा जी ने अपने कुशल संचालन से। तत्पश्चात शुरू हुई काव्य गोष्ठी जिसमे शहर के स्थापित और चर्चित कवि -कवयित्रियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और देर शाम तक काव्य गंगा प्रवाहित होती रही। अंत में कवयित्री लतिका भावे द्वारा आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

कार्यक्रम में नीलिमा मिश्रा, दिलीप बरवंडकर, चंद्रकांता अग्रवाल, आलिम नकवी, सुरेश तिवारी, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, मंजू यदु, चंद्रकला त्रिपाठी, छविलाल सोनी, के पी सक्सेना, लतिका आर डी अहिरवार, लतिका भावे, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, डॉ. चितरंजन कर, माधुरी कर, अनिल श्रीवास्तव, सुदेश मैहर, शशि दुबे, सुनीता-विनय वर्मा, आशा मानव, गीता भट्टाचार्य सहित शहर के कवि कवयित्रियों ने शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पेंशन प्रकरणों के निराकरण एवं वेतन निर्धारण की मिली ट्रेनिंग

जगदलपुर (विसं)। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार कोष-लेखा एवं पेंशन विभाग के अधिकारियों द्वारा मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में जिले के स्कूल शिक्षा विभाग में पदस्थ आहरण-संवितरण अधिकारियों को पेंशन प्रकरणों को तैयार करने सहित पेंशन प्रकरणों के निराकरण एवं वेतन निर्धारण सम्बन्धी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें स्कूल शिक्षा विभाग के सभी प्राचार्य तथा विकासखण्डों के बीईओ एवं बीआरसी शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान संभागीय संयुक्त संचालक कोष-लेखा एवं पेंशन श्री कमलेश रायस्त ने सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण तैयार करने सहित पेंशन प्रकरणों के निराकरण, अवकाश नकदीकरण इत्यादि प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं मृतक शासकीय सेवकों के नामित आश्रित को परिवार पेंशन देने, अन्य स्वत्वों के भुगतान सहित अनुकम्पा नियुक्ति प्रावधान के बारे में अवगत कराया।

प्रशिक्षण में कोष-लेखा एवं पेंशन कार्यालय के सहायक संचालक श्री सुरेन्द्र मार्को ने वेतन निर्धारण, अवकाश नियम के साथ ही अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आवश्यक दस्तावेज एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। वहीं सेवा पुस्तिका संधारण एवं गोपनीय चरित्रावली प्रतिवेदन के सम्बंध में बताया। इस दौरान वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री संजय सोनवानी ने नवीन नियम के तहत देयक तैयार करने, पोर्टल में एंट्री करने सहित केश बुक संधारण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में संभागीय संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा श्री संजीव श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, अतिरिक्त कोषालय अधिकारी श्री नरेन्द्र नाग और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दक्षिण मध्य एशिया के सबसे बड़े बाजार 'होलसेल कॉरिडोर' को मिली कैबिनेट मंत्री ओ.पी. चौधरी से हरी झंडी

अमर पारवानी ने कहा- 'होलसेल कॉरिडोर' -'विकसित छत्तीसगढ़ 2047' बनाने में मील का पत्थर साबित होगा

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि दिनांक 28 मई 2024 को चेम्बर अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने माननीय वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री ओ.पी. चौधरी जी से उनके बंगले में जाकर मुलाकात की तथा विकसित भारत के तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण हेतु नए विजन को लेकर दक्षिण मध्य एशिया के सबसे बड़े होलसेल कोरिडोर की परिकल्पना से माननीय मंत्री जी को अवगत कराया। नया रायपुर अटल नगर में प्रस्तावित दक्षिण मध्य एशिया के सबसे बड़े होलसेल कोरिडोर की परिकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करने माननीय मंत्री ओ.पी. चौधरी जी को ज्ञापन सौंप इस महती योजना के स्वरूप और चेंबर के विजन की विस्तृत जानकारी दी। जिस पर माननीय मंत्री ओ.पी. चौधरी जी ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए तत्काल एनआरडीए के सीईओ सौरभ कुमार जी (आईएएस) को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किये।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी ने माननीय वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री ओ.पी. चौधरी जी से उनके बंगले में जाकर मुलाकात की तथा विकसित भारत के तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण हेतु नए विजन को लेकर दक्षिण मध्य एशिया के सबसे बड़े होलसेल कोरिडोर की परिकल्पना से माननीय मंत्री जी को अवगत कराया। नया रायपुर अटल नगर में प्रस्तावित दक्षिण मध्य एशिया के सबसे बड़े होलसेल कोरिडोर की परिकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करने माननीय मंत्री ओ.पी. चौधरी जी को ज्ञापन सौंप इस महती योजना के स्वरूप और चेंबर के विजन की विस्तृत जानकारी दी। जिस पर माननीय मंत्री ओ.पी. चौधरी जी ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए तत्काल एनआरडीए के सीईओ सौरभ कुमार जी (आईएएस) को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किये।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी ने माननीय वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री ओ.पी. चौधरी के समक्ष प्रस्तावित नए होलसेल कॉरिडोर परिकल्पना का प्रस्तुतिकरण दिया और बताया कि प्रस्तावित होलसेल कॉरिडोर उपरोक्त अंतर्राष्ट्रीय बाजारों जैसा विशाल और व्यवस्थित होगा यह होलसेल कॉरिडोर स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट, अटल नगर (नया रायपुर) रेलवे स्टेशन निर्माणाधीन तथा भारत माला सड़क परियोजना एवं एनएच 30 के समीप होगा जो भौगोलिक रूप से हमारी सीमा से लगे उड़ीसा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और झारखंड की मांग की आपूर्ति कर सकेगा तथा प्रदेश के व्यापार को नई ऊंचाई, दिशा और गति देगा, साथ ही साथ संपूर्ण भारतवर्ष में छत्तीसगढ़ मॉडल के एक अनूठे और सबसे बड़े व्यवसाय क्षेत्र के रूप में जाना जाएगा। यह एक स्वकेंद्रित और सभी तरह के थोक व्यापार के लिए एक ही स्थान पर सर्वसुविधायुक्त परिसर होगा जो भविष्य में 50 से 100 वर्ष तक निर्बाध-निर्विघ्न व्यवस्था के अनुकूल होगा। यह कॉरिडोर सभी वस्तुओं की बिक्री हेतु उनकी आवश्यकता अनुसार सर्वोत्तम मूलभूत संरचनाओं के साथ उपलब्ध होगा, नए रोजगार के अवसरों के साथ-साथ 1.5 से 2 लाख लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का सृजन होगा, राज्य सरकार के सहयोग और व्यवसायियों की प्रतिबद्धता से क्षेत्र की ग्रामीण जनता का विकास और जीवन स्तर में भी बदलाव होगा।

अमर पारवानी ने आगे कहा कि होलसेल कोरिडोर के निर्माण हेतु नवा रायपुर अटल नगर में लगभग 1100 एकड़ भूमि का चिन्हांकन किया गया है। यह देश का प्रथम पर्यावरण संतुलित बाजार होगा जिसमें सोलर एनर्जी वाटर हार्वेस्टिंग, वॉटर रिसाइकलिंग तथा गार्बेज रिसाइकलिंग की भी व्यवस्था होगी तथा पर्यावरण संतुलन हेतु पूरे क्षेत्र में सघन वृक्षारोपण भी होगा। प्रस्तावित बाजार को विभिन्न सेक्टरों में वर्गीकृत किया गया है जिससे आगंतुक ग्राहकों को गंतव्य तक खरीदने में किसी प्रकार की समस्या ना हो, मूलभूत सुविधाएं जैसे पेट्रोल पम्प, बैंक, एटीएम, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन, शौचालय, हमालों के लिए विश्राम स्थल, खानपान के स्टाल, धर्म कांटा, ट्रकों एवं अन्य वाहनों के खड़े होने की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था आदि का भी ध्यान रखा गया है। यह परियोजना विकसित भारत के तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में मिल का पत्थर साबित होगा।

अमर पारवानी ने यह भी बताया कि वर्तमान में लगभग 125 व्यावसायिक संगठनों से लगभग 11250 दुकानों के लिए आवेदन चेंबर के पास आई है। जिसकी संख्या भविष्य में और भी बढ़ सकती है।

इस अवसर पर चेम्बर सलाहकार राकेश ओचवानी, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मंत्री-नीलेश मूंधड़ा, शंकर बजाज, लोकेश साहू, प्रशांत गुप्ता, टेक्नीकल टीम के सदस्य सी.ए. मुकेश मोटवानी, रायपुर सराफा एसोसियेशन के अध्यक्ष सुरेश भंसाली, युवा चेम्बर से राजू चंदनानी, जितेन्द्र बजाज, रोहित पंजवानी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

वनाधिकार पत्रों की ऑन लाईन प्रविष्टी के बचे शेष कार्य में लाएं तेजी : कलेक्टर विजय दयाराम के.

साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक सम्पन्न

जगदलपुर (विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि व्यक्तिगत वनाधिकार पत्रों की ऑनलाईन प्रविष्टी के लिए अपलोड करने बचे शेष वन अधिकार मान्यता पत्र के कार्य में तेजी लाएं। साथ ही राजस्व, जनपद और आदिवासी विकास विभाग के संयुक्त दल द्वारा वनाधिकार पट्टा धारकों के लंबित और निरस्त प्रकरणों की जांचकर जानकारी जिला प्रशासन को दें। कलेक्टर ने बुधवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में समय-सीमा के प्रकरण, विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन, जन चैपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल के प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आयोजित दो दिवसीय शिविर को नगर के उन वार्डों में जहां लक्षित संख्या ज्यादा है वहां पर आयोजित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के डिस्मेंटल योग्य शाला भवनों का चिन्हांकन कर बारिस से पहले जमींदोज करने की कार्यवाही करने कहा। साथ ही शाला प्रवेशोत्सव में परीक्षा में कमजोर प्रदर्शन स्कूलों में करने तथा शाला त्यागी बच्चों को विशेष पहल कर शाला से जोड़ेने के लिए सीएसी से सर्वे करवाने के निर्देश दिए। शाला त्यागी बच्चों को जोड़ने और परिणामों में कमजोर स्कूलों के लिए जिला स्तर के अधिकारियों को दायित्व दिया जाने पर भी चर्चा किया गया। कलेक्टर ने किसान क्रेडिट कार्ड के लक्ष्य के आधार पर काम करने के निर्देश दिए। मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए सिंचाई परियोजना में किसानों को मत्स्य पालन के लिए पट्टा देने पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने किसानों का तहसीलदार द्वारा बैंक खाता सत्यापन कार्य को आगामी समय सीमा की बैठक से पहले पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। बैठक में खरीफ 2024 के लिए बीज-रसायनिक खाद की उपलब्धता व भण्डारण एवं वितरण की स्थिति का भी विकासखंडवार समीक्षा किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य की प्रगति की जनपद समीक्षा करते हुए लंबित निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। पीएम आवास एसडीएम कार्यालय को आरआरसी के माध्यम राशि वापस करवाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजनांतर्गत का निर्माण कार्यों की पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग से सम्बंधित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आंगनबाड़ी में प्रवेश लेने वाले बच्चों के जाति प्रमाण पत्र का ऑन लाइन अपलोड करने और राजस्व अधिकारियों के स्तर पर लंबित फार्म की जल्द निराकरण करने और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मिनी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति के लिए जनपद स्तर पर समान्य प्रशासन की अनुमोदन करवाकर जल्द अंतिम सूची जारी करने के निर्देश दिए।बैठक में कलेक्टर ने मनरेगा ज्यादा से लेबर की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया। मनरेगा के तहत काम नहीं होने पर सीईओ जनपद की जिम्मेदारी तय की जाएगी। मनरेगा तहत आंगनबाड़ी भवन निर्माण की भौतिक प्रगति समीक्षा कर 31 मई तक यूसी-सीसी देने के कहा गया, काम नहीं होने की स्थिति पर राशि वापस करने के निर्देश दिए। उन्होंने एफआरए हितग्राहियों की मनरेगा में पंजीकरण कर विभिन्न रोजगार मूलक कार्य भी स्वीकृत करने कहा।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **सड्डू**, रायपुर में स्थित **एल.आई.जी. भवन क्रमांक-453, एस.एम. मोनव्वरूल हसन रिजवी पिता एस.एम. वजीहुल हसन शाहिद** के नाम से आबंटित है, आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड/ अनुबंध दिनांक **26/07/2007** पंजीकृत कराने के उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी **एस.एम. मोनव्वरूल हसन रिजवी पिता एस.एम. वजीहुल हसन शाहिद,** निवासी- न्यू मिल्लत कॉलोनी, सेक्टर-02, फुलवारी शरीफ जार्ज अकेडमी के पास पटना (बिहार) द्वारा आम मुख्त्यार **श्री मोहन स्वामी पिता स्व. श्री अशोक स्वामी** निवासी- स्वामी निवासी, खल्लारी मंदिर मार्ग, पुष्पक आलमारी फैक्टरी के पास, शिवम विहार, महादेवघाट रोड, रायपुरा, रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) **(यह कि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में मेरी ओर से नियुक्त मुख्त्यार आम नगर निगम टैक्स एवं अन्य टैक्स मेरी ओर से अदा करें, जहां-जहां मेरी आवश्यकता हो या मेरी हस्ताक्षर की आवश्यकता हो, मेरी ओर से हस्ताक्षर करें, पंजीयन कार्यालय (बैनामा निष्पादन कार्यवाही को छोड़कर) में उपस्थित होकर अपना हस्ताक्षर करें)** के द्वारा उक्त भवन को **क्रेता श्रीमती रेखा नौरंगे पति श्री होमदास नौरंगे,** निवासी- ग्राम अमसेना, तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने हेतु इस कार्यालय के पत्र क्रमांक **140** दिनांक **09/01/2024** के द्वारा **विक्रय करने की अनुमति** प्रदान किया गया था, तथा वर्तमान में उक्त आबंटी के मुख्त्यारआम द्वारा उक्त विक्रय इकरारनामा को निरस्तीकरण कर पुन: उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती चेतना तिवारी पति श्री राहूल तिवारी** निवासी- एल.आई.जी.-125, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, सड्डू, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिए इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (**NOC**) की मांग की गई।

अत: उक्त भवन के विक्रय विलेख के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस के अन्दर** लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)

कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के संबंध में अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं की ली बैठक

जांजगीर-चांपा(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के संबंध में अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं की बैठक ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पेण्ड्रीभांठा जांजगीर में मतगणना 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से शुरू की जाएगी। सक्ती जिले अंतर्गत विधानसभा का कृषि उपज मंडी नंदेली भांठा सक्ती एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ अंतर्गत विधानसभा का कृषि उपज मंडी सारंगढ़ एवं बलौदाबाजार अंतर्गत विधानसभा का कृषि उपज मंडी बलौदाबाजार में मतगणना की जाएगी। कलेक्टर श्री छिकारा ने बताया कि मतगणना स्थल पर कैल्कुलेटर, लैपटॉप, आईपैड, मोबाईल, कैमरा, स्मार्ट वॉच, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, पान,

बीड़ी, सिगरेट, गुटखा एवं अन्य मादक पदार्थ प्रतिबंधित रहेगा। विधानसभा अकलतरा में 17 राउंड, विधानसभा जांजगीर-चांपा एवं पामगढ़ में 16-16 राउंड, विधानसभा सक्ती 17 राउंड, विधानसभा चन्द्रपुर 19 राउंड, जैजैपुर 20 राउंड, बिलाईगढ़ में 18 एवं कसडोल में 20 राउंड में ईव्हीएम मशीनों की गणना की जायेगी। डाक मतपत्र की गणना शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पेण्ड्रीभांठा जांजगीर में होगी। डाक मतपत्र की गणना हेतु 14 टेबल लगाये जायेंगे। मतगणना के लिए गणना अभिकर्ता नियुक्त कर सकते हैं। केन्द्र सरकार या राज्य सरकार के मंत्री, संसद सदस्य या विधानसभा सदस्य, नगर पालिका के मेयर या जिला परिषद, पंचायत संघ के चेयर पर्सन, केन्द्रीय उपक्रमों, राज्य उपक्रमों, सरकारी निकायों, निगम के चेयर पर्सन और सदस्य, सरकार से सालाना वेतन पाने वाले या किसी भी सरकार से सहायता प्राप्त संस्थान में पार्ट टाईम काम करने वाले व्यक्ति, पैरा मेडिकल स्वास्थ्य स्टॉफ, आंगनबाड़ी कर्मचारी, उचित मूल्य दुकान के डीलर, सरकारी सेवा में होने वाला व्यक्ति, केन्द्र अथवा राज्य द्वारा सुरक्षा कवर प्राप्त व्यक्ति गणना अभिकर्ता के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकेगा। मतगणना स्थल पर मतगणना दिवस को धारा 128 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 का पालन मतगणना में संलग्न सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, अभ्यर्थी, अभिकर्ताओं को करना होगा। उन्होंने कहा कि जिन गणना अभिकर्ता की नियुक्ति जिस विधानसभा गणना कक्ष के लिए हुई है उसी गणना कक्ष में बैठना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, संबंधित अधिकारी कर्मचारी सहित राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ता एवं उपस्थित थे।

राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने देखी आईटी कॉलेज में मतगणना व्यवस्था

कोरबा(विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 अतंर्गत 04 जून को होने वाले मतगणना से पूर्व राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों और प्रतिनिधियों ने भी मतगणना हाल में जाकर मतगणना हेतु की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में बताया कि झगहरा स्थित आईटी कालेज भवन में मतों की गणना की जाएगी। उन्होंने यहाँ विस्तार से जानकारी दी। आईटी कॉलेज के बी-ब्लॉक के प्रथम तल में मतगणना हेतु विधानसभावार कक्ष तैयार किया गया है। कक्ष में कुल 14-14 टेबल लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त एक अलग कक्ष डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस की मतगणना हेतु बनाए गए हैं। मतगणना परिसर में सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। कुल 03 चरणों में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रथम चरण में जिला पुलिस बल तैनात रहेगा, यहां 100 मीटर के परिधि में किसी की भी वाहन के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। द्वितीय चरण में राज्य सशस्त्र सुरक्षा बल तैनात रहेंगे जिनके द्वारा प्रतिबंधित वस्तुओं की रोकथाम हेतु सघन जांच की जाएगी। तृतीय चरण में मतगणना कक्ष के बाहर केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात होंगे और उनके द्वारा भी सघन जांच की जाएगी। किसी भी परिस्थिति में अनाधिकृत व्यक्तियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आईटी कॉलेज के मुख्य द्वार से केवल अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रत्याशियों के वाहन ही प्रवेश करेंगे। राजनीतिक दलों के अधिकृत अभिकर्ताओं के वाहन नकटीखार से होकर भालू सटका मार्ग में स्थित पार्किंग स्थल पर रखे जाएंगे। सभी मतगणना कक्ष में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। कैमरे से सतत् निगरानी की जाएगी। स्ट्रांग रूम से आने वाली ईव्हीएम मशीनों की निगरानी भी कैमरों से की जाएगी। राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को प्रवेश द्वार, पार्किंग व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने लिया मतगणना केंद्र का जायजा, दिए निर्देश

कोरिया(विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय क्षेत्र कोरबा के अंतर्गत 4 जून को बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों की मतगणना होगी। इसी तारतम्य में मंगलवार को कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने मतगणना केन्द्र, आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। लंगेह ने जिला मुख्यालय स्थित मतगणना केंद्र पहुंचकर 04 जून को होने वाली मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मतगणना हेतु की जाने वाली आवश्यक व्यवस्था को लेकर संबंधित नोडल अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। लंगेह ने मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए मतगणना स्थल की संपूर्ण व्यवस्था, ईवीएम से मतों की गणना हेतु बनाए गए कक्ष, टेबुलेशन आदि कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने पर्याप्त संख्या में टेन्ट, बेरिकेडिंग, फर्नीचर, मीडिया सेंटर व स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं टेलीफोन व्यवस्था, साफ सफाई, अग्निशमन, पानी टैंक की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग के लिए स्थान आरक्षित करने तथा संबंधित अधिकारियों को स्टेशनरी प्रपत्र, आवश्यक सामग्री, फोटोग्राफी, कंप्यूटर, प्रिंटर, स्केनर, ऑपरेटर, लाइट व साउंड सिस्टम सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्धारित स्थान पर अभ्यर्थियों के एजेंट को बैठने हेतु कुर्सियां लगाने के निर्देश दिए।

मलगांव के भू-विस्थापितों की मुआवजा संबंधी समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश

कलेक्टर ने ली बैठक, अनावश्यक खदान बंद कराने वाले पर कानूनी कार्यवाही के दिए निर्देश

कोरबा(विश्व परिवार)। एसईसीएल दीपका परियोजना अन्तर्गत ग्राम मलगांव के कुछ भू-विस्थापितों द्वारा अधिग्रहित भूमि के विरूद्ध कम मुआवजा दिए जाने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने एसईसीएल प्रबंधन सहित एसडीएम कटघोरा को जांच कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर कक्ष में बैठक लेते हुए श्री वसंत ने ग्रामीणों द्वारा दिए गये आवेदन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारियों की उपस्थिति में नियमानुसार आवेदनों को पारदर्शी तरीके से वास्तविक अधिग्रहित भूमि का नाप-जोख कर मूल्यांकन करने और मुआवजा प्रकरण तैयार करने के निर्देश एसडीएम और एसईसीएल प्रबंधन को दिए। अपात्र व्यक्तियों को अधिक मुआवजा प्रदान करने पर वैधानिक एवं वसूली की कार्यवाही की जायेगी। बैठक में खदान में कोयला उत्खनन कार्य को प्रभावित करने वाले अवांछित लोगों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही के भी निर्देश दिए गये। इस दौरान एसईसीएल दीपका एरिया के महाप्रबंधक श्री अमित सक्सेना, अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग, एडीशनल एसपी श्री यूबीएस चैहान, एसडीएम कटघोरा श्री सरोज महिलांगे उपस्थित थे।

श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा जिला जेल कोरबा का किया निरीक्षण

कोरबा(विश्व परिवार)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार दिनांक 27 मई 2024 को श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा एवं कु. डिम्पल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा जिला जेल कोरबा का निरीक्षण किया गया। उस दौरान जिला जेल कोरबा के सभी बैरकों की जांच किया गया बंदियों को मिलने वाले मूलभूत सुविधाओं पीने का स्वच्छ पानी, नहाने के

लिये पानी, शौचालय की सुविधा, वासरूम, भोजन कक्ष, खाद्य सामाग्री रखे जाने वाले कमरे का निरीक्षण किया गया, बंदियों की सुरक्षा के लिये पर्याप्त पुलिस बल है कि नहीं, जेल में निरूद्ध बंदियों का स्वास्थ्य के संबंध में जांच करने वाले मेडिकल स्टाफ से पूछताछ की गई कि सभी बंदियों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है कि नहीं। महिला बैरक में जाकर महिलाओं बंदियों तथा उनके साथ रहने वाले बच्चों के संबंध में जानकारी ली गई तथा जेल में बच्चों के लिये खेलने का सामान उपलब्ध है कि नहीं की जानकारी लिया गया। जिला जेल कोरबा के द्वारा सहायक जेल अधीक्षक को मूलभूत सुविधाओं में होने वाले समस्या की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करने हेतु निर्देशित करते हुये सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। उक्त अवसर पर सहायक जेल अधीक्षक, श्री विज्यानंद सिंह उपस्थित थे।

जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध किसानों से शीघ्र उठाव कराएं - कलेक्टर

सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को समन्वय के साथ काम करने के दिए निर्देश

कोरिया(विश्व परिवार)। जिले में खरीफ वर्ष 2024 में खाद एवं बीज की भंडारण, वितरण, उपलब्धता और विगत वर्ष में खपत को लेकर जिला कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध है। समितियों के माध्यम से किसानों द्वारा शीघ्र उठाव कराएं। उन्होंने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों, जनपद पंचायत के सीईओ से कहा कि

गांव-गांव में कोटवार के माध्यम से मुनादी कराएं ताकि बरसात पूर्व किसानों को खाद, बीज वितरण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय के साथ काम करें ताकि किसानों को ज्यादा से ज्यादा खाद-बीज समय पर वितरण हो सके। उन्होंने कहा कि समितियों में खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल निराकरण करें, वहीं किसी भी प्रकार की कालाबाजारी व अधिक दाम पर बेचने की शिकायत मिलने पर संबधितों के विरुद्ध कार्यवाही भी करें। उन्होंने शासन स्तर से समिति तक खाद-बीज प्राप्त होने की पूरी प्रक्रिया की बारीकी से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, बैकुंठपुर के शाखा प्रबंधक ने जानकारी दी है कि 1 अप्रैल 2024 से अभी तक यूरिया 28045.80 क्विंटल, इफको 11189.11क्विंटल, डीएपी 14736.50 क्विंटल, सुपर फास्फेट 1857.50, पोटाश 856.50 क्विंटल, जिंक 1645.85 क्विंटल इस तरह 5 हजार 831.26 क्विंटल भण्डारण है, वहीं किसानों को यूरिया 9537.25 क्विंटल, इफको 2988 क्विंटल, डीएपी 5916 क्विंटल, सुपर फास्फेट 405.60 पोटाश 336 क्विंटल, जिंक 1026 क्विंटल इस तरह 20 हजार 208.86 क्विंटल वितरण हो चुका है और स्टॉक में 38 हजार 122.40 शेष है।

मातम में बदली जन्मदिन की खुशी, सड़क हादसे में युवक की मौत

बलौदाबाजार(विश्व परिवार)। सोमवार देर रात अपने दोस्तों के साथ जन्मदिन मनाने निकले युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक युवक अपने दो दोस्तों के साथ बुलेट बाईक से निकला था तथा सड़क पर खड़ी केप्सूल वाहन से टकरा गया। इस हादसे में मृतक के दोस्त भी गंभीर रूप से घायल हुए है,जिनका राजधानी रायपुर में उपचार चर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय नितिन साहू सोमवार देर रात को अपने जन्मदिन पर अपने दो दोस्त वैभव सिंह (19 वर्ष) और उत्तम ठाकुर (20 वर्ष) के साथ बुलेट बाईक पर अपना जन्मदिन मनाने निकला था। इसी दौरान उनकी बाईक बायपास दशरमा गाँव के पास सड़क पर खड़ी बल्कर केप्सुल वाहन से टकरा गई। बाईक की टक्कर इतनी जोरदार थी कि नितिन साहू की मौके पर ही मौत हो गई वहीं उसके दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंची तथा मृतक के परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को उपचार के लिए रायपुर भेजा गया है। इस हादसे के बाद पुत्र के जन्मदिन की खुशियां मनाने का इंतजार कर रहे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है वहीं क्षेत्र के लोगों में भी मातम छाया हुआ है।

संक्षिप्त समाचार

भड़काऊ पोस्ट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा(विश्व परिवार)। षड़यंत्र कर धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाले सोशल मिडिया में भड़काऊ पोस्ट वायरल करने वाले आरोपियों को चंद घंटे में किया गिरफ्तार थाना शिवरीनारायण पुलिस की त्वरित कार्यवाही की है। आरोपियों द्वारा सरकारी जमीन को अवैध तरीके से कब्जा कर अतिक्रमण न हटे कहकर प्रशासन और जनता को गुमराह कर धार्मिक आस्था का रूप देकर समाज में विवाद खड़ी करना था आरोपियों का उद्देश्य था। आरोपियों द्वारा प्रशासन के अतिक्रमण हटाने की वैधानिक कार्यवाही को गलत और भड़काऊ एवं गलत ढंग से पेश कर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पुलिस ने सामाजिक सद्भाव बनाने वाले लोगों को विश्वास में लेकर आरोपियों तक पहुंचने में सफलता मिली है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाईल, मोटर सायकल, अन्य समाग्री बरामद किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 295ए, 153बी, 120बी, 504 भादवि कार्यवाही कर भेजा गया न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा है।

बारूद फैक्ट्री विस्फोट की न्यायिक जांच शुरू

बेमेतरा(विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा स्थित बारूद फैक्ट्री में भीषण आगजनी के मामले में मंगलवार को न्यायिक जांच शुरु हो गई है। बेरला एसडीएम पिंकी मनहर के नेतृत्व में फैक्ट्री में ब्लास्ट की न्यायिक जांच 4 बिंदुओं पर की जाएगी तथा 45 दिन के अंदर न्यायिक जांच पूरी की जाएगी। बता दें, बेमेतरा जिले के बेरला ब्लॉक के ग्राम पिरदा स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी के बारूद फैक्ट्री में 25 मई (शनिवार) की सुबह ब्लास्ट हो गया, जिसमें 1 कर्मचारी की मौत हो गई और 10-12 लोग घायल हो गए। वहीं मलबे में दब कर हुई मौतों की पुष्टी अब तक नहीं हो पाई है। लेकिन 8 से 10 कर्मचारियों के परिजनों ने विस्फोट के दौरान अपने परिवार के सदस्यों के वहीं मौजूद होने की बात कही है। इस घटना के बाद सीएम साय ने विस्फोट की मजेस्ट्रीयल जांच की घोषणा की थी, जिसके अनुसार अब न्यायिक जांच शुरु हो गई है। जांच चार बिंदुओं पर होनी है जिसमें दुर्घटना विस्फोट का कारण, फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा किए गए सुरक्षात्मक उपायों का परीक्षण ,अनुज्ञप्ति, भंडारण उपयोग आदि का विवरण, दुर्घटना विस्फोट के लिए यदि कोई त्रुटि लापरवाही है, तो उत्तरदायित्व का निर्धारण तथा अन्य कोई सुझाव या बिंदु जो जांच अधिकारी सम्मिलित करना आवश्यक समझे बता दें, इन चार बिंदुओं पर बेमेतरा जिला कलेक्टर ने 27 मई को आदेश जारी किया था। इस मामले में एसडीएम पिंकी मनहर के नेतृत्व में 45 दिन के अंदर न्यायिक जांच पूरी की जाएगी।

मैनपाट से लौट रहे डाक्टर सिद्धार्थ हसदेव नदी में डूबे

कोरबा(विश्व परिवार)। मोरगा चैकी क्षेत्र अंतर्गत हसदेव पुल के पास दो दोस्त नहाने के लिए हसदेव नदी में उतरे थे, जिसमें से एक तेज बहाव में बह गया। जिसे ढूंढने पुलिस व गोताखोर की टीम मौके पर पहुंची। बिलासपुर के सरकंडा लोधी पारा निवासी सिद्धार्थ ताम्रकार पिता सीता राम ताम्रकार (35) और डा ऋषभ आग्रवाल रायपुर निवासी दोनों दोस्त अपनी अल्टो कार सीजी 06 जीजी 2585 से बीते रविवार को मैनपाट गए थे। इस दौरान सोमवार को मैनपाट से लौट रहे थे। लौटते वक्त मोरगा हसदेव पुल के पास नहाने उतर गए और सिद्धार्थ गहरे पानी में चले गए। ऋषभ ने अपने स्तर पर उन्हें ढूढने की कोशिश की पर पता नहीं चलने पर मोरगा पुलिस को सूचना दी। स्थानीय के अलावा बिलासपुर से गोताखोर टीम मौके पर पहुंची।

जीवन अमूल्य है वाहन सावधानी से चलाएं : कलेक्टर लंगेह

कोरिया(विश्व परिवार)। जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी वाहन मालिकों व चालको से अपील करते हुए कहा है कि जीवन अमूल्य है, वाहन बेहद सावधानी पूर्वक चलाएं। उन्होंने चार पहिया व दोपहिया वाहन चालकों से कहा कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट व हेलमेट जरूर धारण करें। कलेक्टर लंगेह ने मालवाहक संचालकों, ठेकेदारों व वाहन चालकों से कहा है किसी भी हालत में इन वाहनों में सवारी, श्रमिकों को न बैठाएं। ऐसे करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मालवाहकों में सवारी ले जाने, बस-जीप में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर कार्यवाही करें। ओवरलोड माल वाहन चालकों एवं मालवाहक वाहनो/पिक अप आदि पर श्रमिकों व आम लोगों को ढोने, ओवरलोडिंग तथा ऐसे वाहनों में सवारी ले जाने वालो के खिलाफ निरंतर चेक पॉइंट लगाकर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर ने पशुपालकों व आम लोगों से अपील की है कि पशुओं को सड़कों पर न छोड़े, इससे दुर्घटना की आशंका बनी होती है।

संपादकीय

बच्चों का मरना भयावह

राजकोट के टीआरपी मॉल के गेमिंग जोन में भीषण आग लगने से 33 लोगों की मौत हो गई। इनमें बच्चे भी हैं। सप्ताहांत के कारण मॉल में बहुत भीड़ थी। बता रहे हैं कि गेमिंग जोन में वेल्डिंग का काम भी चल रहा था। इसमें बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था। लोग भीतर ही फंसे रह गए। धुआं इतना था कि पांच किलोमीटर दूर से नजर आ रहा था। आग के दरम्यान वहां का अस्थायी ढांचा भी ढह गया। चश्मदीदों का कहना है कि अग्नि शमन की गाड़ियां बहुत देर से पहुंचीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ढांचे में बहुत सारे टायर होने के कारण धुआं अधिक फैला। सवाल है कि यहां गेमिंग की मंजूरी कैसे और किसने दी? अग्नि शमन विभाग द्वारा एनओसी ली गई या नहीं, आपातकालीन निकास की व्यवस्था क्यों नहीं थी? राज्य में इसी साल जनवरी में वडोदरा की झील में नाव डूबने के कारण बारह बच्चों की मौत हो गई थी। उससे पहले मोरबी सस्पेंशन ब्रिज ढहने से 135 लोग मारे गए थे, जिनमें एक तिहाई बच्चे थे। 2019 में सूरत के कोचिंग सेंटर में लगी आग में बाइस छात्रों की मौत हो गई थी। सिलसिलेवार होने वाली इन भीषण घटनाओं को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि राज्य में शासन और व्यस्थागत गड़बड़ियां चरम पर हैं। बार-बार दुर्घटनाओं के बाद जांच और कुछ दोषियों के खिलाफ कदम उठाकर मात्र लीपापोती कर दी जाती है। एक साथ इतने लोगों की मौत, उस पर भी बच्चों का मरना भयावह है। इस वक्त देश में भीषण गरमी पड़ रही है जिसके चलते आग लगने की घटनाएं आम हो गई हैं। दिल्ली के केअर सेंटर में भी शनिवार की रात ही आग में जल कर सात नवजात मर गए। बता रहे हैं, ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से वहां आग फैल गई। कुछ नवजात अभी लापता हैं, जिनके पालक इधर-उधर भटक रहे हैं। व्यावसायिक स्थलों पर सुरक्षा को लेकर इतनी लापरवाही कैसे बरती जाती है। इसके लिए जो लोग दोषी हैं, उनको सख्त सजाएं क्यों नहीं दी जातीं। से सभी दोषियों को लंबे समय के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार में या सहायक के तौर पर मदद के लिए लगाया जाए। जरूरी है कि गर्मी आने से पूर्व ही अस्पताल जैसे इदारों में अग्नि शमन प्रणाली को रूटीन बनाकर उन पर नजर रखने की कवायद लगातार जारी रखी जाए। बच्चों और अन्य हादसे के शिकार लोगों के परिवारों को केवल सरकारी मुआवजा देकर ही हाथ न झाड़े जाएं।

देश में चुनावी हिंसा पर लगी रहे लगाम

दिलीप त्रिवेदी

बहुत जगह मैं चुनाव कराने में भागीदार रहा हूं। पुलिस सेवा के अपने लंबे करियर के शुरू में, जब हम लोग नौकरी में आए ही थे, तब 1980 का चुनाव था, इंदिरा गांधी सत्ता में वापस आई थीं। एक पुलिस सेवा अधिकारी के रूप में हम लोग पहले बहुत चिंतित रहते थे कि मतदान केंद्र पर कोई समस्या न हो जाए। हिंसा न हो जाए। कहीं गड़बड़ी होती थी, तब लोग मानते थे कि प्रशासन समर्थ नहीं है, इसलिए ऐसी घटनाएं होती हैं। फिर एक दौर आया, जब चुनाव आयोग ने कहा कि पुनर्मतदान समस्या नहीं है, जहां भी जरूरी हो, पुनर्मतदान का फैसला किया जाएगा। इस फैसले का बहुत असर हुआ, चुनावी हिंसा घटने लगी। गड़बड़ी करने वालों के बीच संकेत चला गया कि अगर हमने कहीं कोई अनियमितता की, तो हमारी पूरी साजिश नाकाम हो जाएगी, क्योंकि चुनाव आयोग कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में इस बूथ पर पुनर्मतदान कराएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त टी एन शेषन के समय तो यह और भी स्पष्ट हो गया कि जहां भी हिंसा या गड़बड़ी होगी, वहां पुनर्मतदान कराया जाएगा। नेताओं को भी यह लगने लगा कि मतदान या चुनाव के समय हिंसा से कुछ नहीं होने वाला। राजनीतिक दलों को भी यह एहसास हो गया कि बाहुबल से दादागीरी नहीं चलने वाली। धीरे-धीरे शारीरिक हिंसा बहुत कम हो गई, जबकि एक समय अपराधी बैलेट बॉक्स लेकर भागते थे और गोली चलाने की नौबत आ जाती थी। जब मैं सीआरपीएफ में डीजी था, छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में साल 2013 में चुनाव था। स्पष्ट निर्देश था कि अगर किसी मतदान केंद्र पर मतदान दल नहीं पहुंच पाता है, तो जान को जोखिम में नहीं डालना है। दो-तीन जगह जो बच जाएंगे, वहां बाद में पूरी तैयारी के साथ मतदान करा लेंगे। इसका फायदा यह हुआ कि नक्सल प्रभावित इलाकों में भी बहुत कम हिंसा हुई थी। कहीं भी हिंसक तत्वों को अगर हिंसा का लाभ नहीं दिखे, तो वे हिंसा से बाज आते हैं। बहरहाल, साल 2024 के आम चुनाव में फिर हिंसा दिख रही है। पहले संभल में हुई, फिर छपरा में हुई। पश्चिम बंगाल में तो लगातार हो रही है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? अनेक लोगों की यह शिकायत है कि हमारा चुनाव आयोग इस पर पूरा ध्यान नहीं दे पा रहा है। ऐसे में, अनेक नेताओं को लगने लगा है कि अगर चुनाव या मतदान के दिन उन्होंने गड़बड़ी की, तो वे बच जाएंगे और चुनाव भी जीत जाएंगे। इस बार चुनाव चूंकि टक्कर का है, इसलिए हिंसा की स्थिति बन रही है। दूसरी बात, चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें भी आ रही हैं। कड़े कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। गौर कीजिए, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को तगड़ी फटकार लगाई है। चुनाव आयोग के इंतजाम पर बड़े सवाल उठे हैं। हिंसक तत्वों तक जो कड़ा संदेश पहुंचना चाहिए, वह शायद इस बार ठीक से नहीं पहुंच रहा है। अब बमुश्किल दस दिन बाद मतगणना है। मुझे लगता है, जो भी हिंसा होगी, मतगणना के पहले हो जाएगी, उसके बाद हिंसा की आशंका कम है। हां, पश्चिम बंगाल में कुछ इलाके हैं, जहां मतगणना के बाद हिंसा की कुसंस्कृति बन गई है। मतगणना चंद जगहों पर सीमित दायरे या परिसर में होती है और पहले का दौर नहीं है, जब चीजों को छिपा लिया जाता था, कैमरे नहीं हुआ करते थे। आज मीडिया और सोशल मीडिया चप्पे-चप्पे पर मौजूद है। जो भी गड़बड़ी करेगा, उसकी कोई न कोई वीडियो बनाएगा और वह वायरल हो जाएगा। वायरल होने के बाद अपराधियों पर शामत आ जाएगी। अत: मुझे लगता है, अब मतगणना के समय कहीं हिंसा करना बहुत मुश्किल है। आखिर कोई क्यों हिंसा करते दिखकर अपना राजनीतिक करियर खराब करेगा? हां, कुछ इलाके पहले बिहार, उत्तर प्रदेश में ज्यादा थे और अब पश्चिम बंगाल में ज्यादा हैं, जहां हारने वाले को लगता है कि उसकी दादागीरी नहीं चली, तो वह हिंसा का सहारा लेता है। हार का गुस्सा निकालने का काम बाहुबलियों के इशारे पर महीने-छह महीने तक चलता रहता है। बहुत जगहों पर लोगों को पता चल जाता है कि किसने किसको वोट दिया और इसे लेकर हिंसा होती है। उत्तर प्रदेश में भी ऐसे अनेक ताकतवर नेता रहे हैं, जिन्होंने ऐसी हिंसा का सहारा लिया है। वैसे, ध्यान रहे, ऐसी हिंसा को सिर्फ पुलिस बल या प्रशासन के सहारे नहीं रोका जा सकता, इसे रोकने के लिए बहुत सशक्त राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। हिंसा वाले इलाकों में समाज को जगाने की जरूरत है। यह देखने की बात है कि चुनावी हिंसा दक्षिण भारत के राज्यों में नहीं होती है, क्योंकि ऐसी हिंसा की निरर्थकता को वहां के राजनीतिक और सामाजिक नेता समझते हैं। चुनावी हिंसा को पूरी तरह रोकने में हमारी नाकामी के पीछे देश की बंटी हुई राजनीति का भी बड़ा योगदान है। अनेक राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियों की सरकार है और कानून-व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है। कुछ राज्यों में बाहुबली तत्वों को स्थानीय स्तर पर समर्थन मिलता है, जिससे समाज और राजनीति में हिंसा, बाहुबल और अपराध को बढ़ावा मिलता है। मिसाल के लिए, उत्तर प्रदेश में अतीक अहमद थे या बिहार के मोहम्मद शहाबुद्दीन, इनके हारने या जीतने के बाद भी साल भर हिंसा का सिलसिला चलता था। बेशक, ऐसी हिंसा में कमी आई है, पर ऐसी हिंसा के पटाक्षेप के लिए समग्रता में समाज और राजनीति के स्तर पर भी कदम उठाने पड़ेंगे। यह जरूरी है कि हिंसक तत्वों को किसी भी स्तर पर आगे न आने दिया जाए। पुलिस केवल अपने स्तर पर यह काम नहीं कर सकती, क्योंकि अनेक पुलिस अधिकारी राजनेताओं से जुड़कर काम करने में अपना ज्यादा फायदा देखते हैं, इससे पुलिस बल में गलत संदेश जाता है। किसी अधिकारी को अगर अपराध रोकने के लिए, समाज की सेवा के लिए जान जोखिम में डालने पर सम्मानित किया जाए, तो समझ में आता है, पर जब सियासी किस्म की सेवा के लिए किसी अधिकारी को पुरस्कृत किया जाए, तो पूरी व्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ता है और चुनाव के समय इसका असर दिखता है। अत: चुनावी हिंसा रोकने के लिए ही नहीं। बल्कि चाक-चौबंद चुनाव कराने के लिए भी सबको अपना कर्तव्य निभाना होगा।

विशेष लेख

एफपीओ किसानों की उन्नति के पर्याय

उत्तम खेती मध्यम बान, निषिध चाकरी भीख निदान अर्थात खेती सबसे अच्छा काम है, व्यापार मध्यम है, नौकरी निषिद्ध है और भीख मांगना सबसे बुरा काम है। जनकवि घाघ ने जब यह दोहा लिखा होगा उस समय खेती-किसानी न सिर्फ सम्मानजनक पेशा था, बल्कि किसान सबसे ज्यादा खुशहाल था। लेकिन आजादी के बाद कृषि क्षेत्र की उपेक्षा के चलते हालात इस कदर बिगड़ गए कि कृषि न केवल घाटे का सौदा बन गई, बल्कि किसान आत्महत्या करने को विवश हुआ। अब जलवायु परिवर्तन के चलते हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। अध्ययनों की मानें तो अकेले भारत में 2050 तक वष्रा-आधारित चावल की पैदावार 20 प्रतिशत और 2080 में 47 प्रतिशत तक की कमी की आशंका है। जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित संयुक्त राष्ट्र के अंतरसरकारी पैनल की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले दो दशकों में वैंकि तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस या इससे भी अधिक की बढ़ोतरी होगी जिसका असर पानी की उपलब्धता से लेकर कृषि और खाद्य सुरक्षा पर पड़ेगा। भारत सरीखे देशों को तो ग्लोबल वार्मिंग से उपजी परिस्थितियां खास परेशान करेंगी क्योंकि भूजल का 89 प्रतिशत हिस्सा कृषि क्षेत्र ही उपयोग करता है। इसलिए तापमान बढ़ने से भारत जैसे देशों में खेती पर दूरगामी असर पड़ेंगे। भारत में दुनिया की 18 प्रतिशत आबादी रहती है, मगर कुल वैंकि जल संसाधनों का 4 प्रतिशत ही उपलब्ध है। बावजूद इसके आजादी के बाद दशकों तक सरकारों द्वारा कोई ठोस प्रयास नहीं किया जाना समझ से परे है। दरअसल, सरकारों के लिए किसान राजनीतिक मोहरा रहे जिन पर राजनीति तो खूब हुई लेकिन उनकी स्थिति सुधारने, आमदनी बढ़ाने, खेती को घाटे से फायदे का सौदा बनाने के प्रति गंभीर प्रयास नहीं किए गए। यही वजह है कि किसानों की स्थिति में सकारात्मक सुधार नहीं हुए। इस लिहाज से पिछला दशक भविष्य के प्रति आस्त करता है। 2014 में सरकार बनने के बाद से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आय बढ़ाने के साथ टिकाऊ खेती की योजना बनाई। 2016 में सरकार ने कृषि आय को दोगुना करने के तरीकों का सुझाव देने के लिए गठित समिति की सिफारिशों पर तेजी से अमल किया जिसमें सबसे अहम है प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना। दुनिया की सबसे बड़ी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम माने जाने वाली इस योजना में देश के 11 करोड़ से अधिक किसानों को 2.61 लाख करोड़ रु पये से अधिक का लाभ मिला है। सरकार किसानों को कई तरह की सब्सिडी भी दे रही है। फर्टलिाइजर सब्सिडी का बजट ही प्रति वर्ष 2 लाख करोड़ रु पये से अधिक है। सरकार टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के प्रति भी सजग है। एक राष्ट्र-एक फर्टलिाइजर जैसी पहल, नीम और सल्फर कोटेड यूरिया इस दिशा में उठाया गया ठोस कदम है। सरकार अब पर ड्राप, मोर क्रॉप का लक्ष्य, ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई जैसी सूक्ष्म सिंचाई टेक्नोलॉजी को अमल लाकर जल उपयोग दक्षता को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए एक सूक्ष्म सिंचाई कोष की स्थापना भी की गई है जिसके लिए राज्यों को 18,000 करोड़ से अधिक की केंद्रीय सहायता जारी की गई है। सरकार कृषि में व्यापक बिजली खपत के लिए सौर ऊर्जा का विकल्प भी दे रही है। समय अब परंपरागत खेती की जगह अत्याधुनिक संसाधनों से खेती का है। खुद प्रधानमंत्री भी अक्सर इनोवेटर्स और रिसर्चर्स से आग्रह करते हैं कि प्रति इंच जमीन पर 'अधिकाधिक फसल' के बारे में सोचें। कृषि आय बढ़ाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को बजट से आंका जा सकता है। कृषि और संबद्ध गतिविधियों के बजट को 4.35 गुना बढ़ाकर 2013-14 के 30,223 करोड़ से 2023-24 में 1.3 लाख करोड़ रु पये से अधिक किया गया है। सरकार भी प्रत्येक किसान को किसी न किसी रूप में औसतन 50,000 रु पये प्रदान कर रही है। इन सबके सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। एनएसएसओ के हालिया सिचुएशन असेसमेंट सर्वे (2018-19) के अनुसार, मासिक कृषि घरेलू आय 2012-13 में 6,426 से बढ़कर 2018-19 में 10,218 रु पये हो गई। दरअसल, मोदी सरकार ने 'सहकार से समृद्धि' के स्वप्न को साकार करने हेतु एफपीओ के गठन का निर्णय लिया था। आज एफपीओ किसानों की उन्नति के पर्याय बन गए हैं। अकेले समुन्नति संस्था 6500 से अधिक एफपीओ के साथ मिल कर 8 लाख से अधिक किसानों के जीवन में बदलाव लाई है। समुन्नति के माध्यम से सकल लेन देन का आंकड़ा 22,000 करोड़ से ऊपर पहुंच गया है। सरकार को इन संस्थाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए।

राजधानी में ऐसा जल संकट फिर नहीं होगा

डी पी करमरकर

अध्यक्ष महोदय, मैंने यह निवेदन किया था कि यह मामला पक्ष लेने का नहीं है। इसका सब पक्षों से संबंध है और सारी दिल्ली की जनता के लिए यह महत्व की बात है। मैंने अपने विभिन्न माननीय सहयोगियों की बातें सुनी हैं। तीन बातें मेरी समझ में आई हैं और मैंने तीन प्रश्न अपने से पूछे हैं। आज और कल जो पानी की कमी हुई है, उसमें क्या कोई भूल हुई है? क्या कोई ऐसा उपाय है, जिससे अधिकारी संकट को टाल सकते थे? क्या कोई ऐसी सावधानी है, जो नहीं बरती गई है?पीलिया संबंधी समिति के प्रतिवेदन की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया। हम समिति की सिफारिशों का बहुत ही सम्मान करते हैं। पीलिया संकट के समय मामले की पूरी छानबीन की गई थी। हमने समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया था। केवल दो सिफारिशें स्वीकृत नहीं की गई थीं ...। दो सिफारिशों का संबंध उत्तर प्रदेश राज्य और हिंडन से पानी लेने के संबंध में था। इस संबंध में भारत सरकार और निगम में बातचीत हो सकती है। संबद्ध राज्य पंजाब और उत्तर प्रदेश है। ...क्या हम कोई जलाशय की व्यवस्था नहीं कर सकते? ...दिल्ली की स्थिति इस संबंध में विचित्र है। बम्बई में यह संभव है और वहां पानी का संग्रह किया जा सकता है। यहां पानी का सबसे प्रमुख साधन यमुना है। यहां हिमालय से पानी को खींचकर तो एकत्रित नहीं किया जा सकता। न यह बात क्रियात्मक ही है। विशषेज्ञों ने इस सुझाव को असंभव बताया है। चाहे हम इसे पसंद करें, चाहे न करें, हमें मुख्यतः दिल्ली की आवश्यकताओं के लिए यमुना पर ही आश्रित रहना होगा। पानी संग्रह करने की कठिनाइयों को सदन अच्छी प्रकार जानता है। इसलिए यह सुझाव व्यावहारिक नहीं है। वर्तमान जलाशय के स्थान को बढ़ाने के प्रयत्न किए जा रहे हैं। ...एक बात हम भूल जाते हैं और वह यह कि इस काम को करने वाले कर्मचारी कई बार हालात के सामने असमर्थ हो जाते हैं। उनके बस की बात नहीं रहती। पीलिया के पश्चात देश भर में कई प्रकार की महामारियां आईं, परंतु दिल्ली सबसे बची रही। माननीय सदस्य इस बात का परीक्षण कर सकते हैं कि इस सबका श्रेय उनको है, जो रात-दिन पानी के शुद्ध संभरण की देख-रेख करते हैं। यह मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि पानी की शुद्धता किसी भी नगर से कम नहीं है। ...कल यह बात नहीं थी कि पानी बिल्कुल कट ही गया हो। प्रथम तल वालों को पानी नहीं उपलब्ध हो रहा था। हमें यह कभी भी आशा नहीं थी कि जल संभरण पूर्ण रूप से रुक जाएगा...। अगले वर्ष ही हम आपको यह बताने में समर्थ होंगे कि नदी नियंत्रित की जा चुकी है या नहीं। ...आशा है, 1956 की ग्रीष्म ऋतु में नदी के प्रवाह बदलने की आशंका नहीं रहेगी। ...दिल्ली में 22 लाख व्यक्तियों में से केवल 18 लाख व्यक्तियों को शुद्ध जल प्राप्त होता है। चार लाख व्यक्ति अशुद्ध जल ही पीते हैं। दिल्ली में प्रति व्यक्ति पानी की खपत देश भर में सबसे अधिक है, अर्थात 35 गैलन प्रति दिन है। हम दिल्ली के जल संभरण को 6.2 करोड़ से बढ़ाकर 9 करोड़ गैलन करना चाहते हैं, क्योंकि अभी हम चार लाख व्यक्तियों को शुद्ध जल नहीं दे पाते हैं। इस संबंध में एक कठिनाई और भी है। दिल्ली की जनसंख्या में पिछले चार-पांच वर्षों से 60,000 से 80,000 तक वृद्धि प्रतिवर्ष हो रही है।.....क्या हम कोई जलाशय की व्यवस्था नहीं कर सकते? ...दिल्ली की स्थिति इस संबंध में विचित्र है। बम्बई में यह संभव है और वहां पानी का संग्रह किया जा सकता है। यहां पानी का सबसे प्रमुख साधन यमुना है। यहां हिमालय से पानी को खींचकर तो एकत्रित नहीं किया जा सकता। न यह बात क्रियात्मक ही है। विशषेज्ञों ने इस सुझाव को असंभव बताया है। चाहे हम इसे पसंद करें, चाहे न करें, हमें मुख्यतः दिल्ली की आवश्यकताओं के लिए यमुना पर ही आश्रित रहना होगा। पानी संग्रह करने की कठिनाइयों को सदन अच्छी प्रकार जानता है। इसलिए यह सुझाव व्यावहारिक नहीं है। वर्तमान जलाशय के स्थान को बढ़ाने के प्रयत्न किए जा रहे हैं।चाहे हम इसे पसंद करें, चाहे न करें, हमें मुख्यतः दिल्ली की आवश्यकताओं के लिए यमुना पर ही आश्रित रहना होगा। पानी संग्रह करने की कठिनाइयों को सदन अच्छी प्रकार जानता है। इसलिए यह सुझाव व्यावहारिक नहीं है। वर्तमान जलाशय के स्थान को बढ़ाने के प्रयत्न किए जा रहे हैं। ...एक बात हम भूल जाते हैं और वह यह कि इस काम को करने वाले कर्मचारी कई बार हालात के सामने असमर्थ हो जाते हैं। उनके बस की बात नहीं रहती। पीलिया के पश्चात देश भर में कई प्रकार की महामारियां आईं, परंतु दिल्ली सबसे बची रही। वस्तुतः हम जल संभरण (आपूर्ति) की समस्या के संबंध में अत्यधिक चिंतित हैं, क्योंकि भले ही दिल्ली की सारी समस्याएं हल हो जाएं, पर जब तक जल संभरण की यह समस्या हल नहीं होगी।, तब तक यह हमारी असफलता ही समझी जाएगी। मैं स्वयं इस बात की सावधानी से देखभाल करूंगा। दिल्ली निगम स्वयं एक उत्तरदायी संस्था है। ... निगम बड़ी कुशलतापूर्वक कार्य कर रहा है और आशा है, भविष्य में यह आशंका ही पैदा नहीं होगी।

कैंसर रोग का जन्मदाता तंबाकू का नशा

विजय कुमार जैन

युवकों में नशे की प्रवृति निरंतर बढ़ रही है। बीड़ी-सिगरेट पीकर नशा करने की आदत किशोरावस्था में महाविद्यालयीन शिक्षा के दौरान बढ़ जाती है। मुंह से सिगरेट बीड़ी लगते ही

युवक किशोरावस्था में ही अनेक गंभीर बीमारियों को शरीर में जन्म दे देते हैं। वर्तमान में नशे के अनेक साधन उपलब्ध है। नशा करने बाले सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, शराब, ब्राउन शुगर आदि का उपयोग जोर-शोर से कर रहे हैं। बीड़ी-सिगरेट में निकोटीन होता है, इसके नशे का सबसे पहले असर श्वसन प्रणाली पर पड़ता है।इनके नशे का एक दुष्प्रभाव यह होता है कि यह आदत किशोरावस्था में लगती है और जीवन भर रहती है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि भारत में तंबाकू के पौधे को सबसे पहले पुर्तगाली यात्री वास्कोडिगामा लेकर आया था।

तंबाकू के भारत में प्रवेश से पहले यहाँ प्राचीनकाल से भांग का नशा का किया जाता था। अन्य प्रकार के नशों की अपेक्षा भांग से कैंसर नहीं होता है। धूम्रपान करने बालों के फेफड़ों में कमजोरी आ जाती है,अथवा फेफड़ों में बीमारी प्रवेश कर लेती है। जबकि जो नशा नहीं करते हैं उन्हें यह स्थिति नहीं होती है। एक सर्वेक्षण के अनुसार यह आंकड़े सामने आये है कि पुरुषों में 50 प्रतिशत एवं महिलाओं में 20 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के कारण ही होता है। 25 से 60 आयु समूह में मरने वालों में 25 प्रतिशत धूम्रपान के कारण मौत के मुँह में चले जाते है। यह भी उल्लेखनीय है कि धूम्रपान करने वालों में क्षय रोग टीबी की बीमारी के कीटाणु लगने की आशंका अन्य लोगों से चार गुना ज्यादा होती है। कैंसर इन्स्टीट्यूट नई दिल्ली के कैंसर चिकित्सा सेवा विभाग के निदेशक डॉ पुनीत गुप्ता ने कुछ समय पूर्व एक चर्चा के दौरान बताया तंबाकू की पत्तियों में करीब चार हजार रसायन होते हैं, जिनमें से 60 रसायन मनुष्य के शरीर में जाकर डीएनए, आर एन ए और प्रोटीन की संरचना में बदलाव करके गंभीर रोग कैंसर को पैदा करते हैं।

डॉ पुनीत गुप्ता के अनुसार जब तंबाकू से बने सिगरेट या सिगार को सुलगाया जाता है तो चार हजार रसायनों में से कुछ कैंसर जन्य रसायनों में बदल जाते हैं।जब तंबाकू का सेवन शराब के साथ किया जाता है तो कैंसर पैदा करने की उसकी क्षमता बहुत अधिक बढ़ जाती है। इसलिए तंबाकू का सेवन किसी भी रूप में घातक है। सिगरेट सिगार या बीड़ी का एक कश भी मानव शरीर के लिये हानिकारक है। एक सर्वेक्षण में यह तथ्य भी सामने आये है कि देश में तंबाकू का सेवन एवं धूम्रपान जानलेवा महामारी का रूप धारण कर चुका है। आम लोगों में इस बुरी आदत को छुड़ाने में मनोवैज्ञानिक उपचार कारगर साबित हुए है। अनेक अध्ययनों से ऐसे प्रमाण मिले है कि मनोवैज्ञानिक उपाय एवं उपचार से धूम्रपान छोड़ने बालों की संख्या बढ़ रही है। रिपोर्ट में यह भी कहा है कि तंबाकू खाना पूरी तरह से बंद करने से कैंसर तथा पूर्व कैंसर के 60 प्रतिशत मामलों को रोका जा सकता है। सर्वेक्षण में यह भी उल्लेख किया है भारत में 12 करोड़ लोग धूम्रपान करते हैं और दुनियाभर में धूम्रपान करने बालों की संख्या के हिसाब से चीन के बाद हमारा भारत दूसरे स्थान पर है।

एक अध्ययन के अनुसार धूम्रपान करने बालों की तुलना में कैंसर से मरने बालों की संभावना सात गुना अधिक होती है। यह भी कहा है शराब और अन्य नशीले पदार्थों के साथ तंबाकू का सेवन तंबाकू के दुष्प्रभाव को और बढ़ा देता है। 50 की उम्र के बाद धूम्रपान को रोकने पर कैंसर का खतरा आधा हो जाता है जबकि 30 की उम्र में धूम्रपान रोकने पर इसके सभी दुष्प्रभावों से बचा जा सकता है। विगत वर्षों भारत सरकार ने संसद में प्रस्तुत रिपोर्ट में जानकारी दी थी तंबाकू का बाजार विश्व स्तर पर हर वर्ष 8.5 प्रतिशत से बढ़ रहा है। भारत में भारत सरकार द्वारा हर वर्ष सिगरेट पर जी एस टी में वृद्धि करने के वावजूद सिगरेट की खपत में दिन रात वृद्धि हो रही है। यहाँ विशेष रूप से उल्लेख करना चाहेंगे कि धूम्रपान करना सिगरेट का कश लम्बे समय तक खींचकर नशा करने से अनेक बीमारियाँ मानव शरीर में प्रवेश कर जाती हैं। सिर, गले, फेफड़े, आहार नली, किडनी, पैक्रियाज,स्तन एवं सर्वाइकल में कैंसर हो सकता है। इसके अलावा हृदय रोग और स्ट्रोक के अलावा पैरों में वैस्कुलर रोग के खतरे बढ़ जाते है। इसका इलाज नहीं है।

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय इंदौर के रजिस्ट्रार एवं सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ अमित रावत से मेरी इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई आपका कहना है ओरल कैंसर भारत में एक बड़ी समस्या है, देश में शीर्ष तीन प्रकार के कैंसर में इसका स्थान है। डॉ अमित रावत ने बताया, ''जब शरीर के ओरल कैविटी के किसी भी भाग में कैंसर होता है तो इसे ओरल कैंसर कहा जाता है। ओरल कैविटी में होंठ, गाल, लार ग्रंथिया, कोमल व हार्ड तालू, यूवुला, मसूडों, टॉन्सिल, जीभ और जीभ के अंदर का हिस्?सा आते हैं। ओरल कैंसर आज हमारे देश की एक प्रमुख समस्या के रुप में बीमारी उभरी है सबसे ज्यादा पुरुषों में पाया जाता है इसका मुख्य कारण पान मसाला तंबाकू बीड़ी सिगरेट का प्रयोग करना है एल्कोहल भी इसका कारण है। ओरल कैंसर से पूरी तरह बचा जा सकता है। सभी का योगदान बहुत जरुरी है। तबाकू में करीब पांच सौ तरीके के हानिकारक तत्व होते हैं जिनमें से 50 ऐसे हैं जिन्हें हम कार्सिनोजन कहते है।कैसे होता है ओरल कैंसर-

1. स्मोकिंग-सिगरेट, सिगार, हुक्का, इन तीनों चीज़ों के आदी लोगों को एक नॉनस्मोकर के मुकाबले माउथ कैंसर होने का 6 फीसदी ज्यादा खतरा होता है।

2.तंबाकू-माउथ कैंसर होने का खतरा तंबाकू सूंघने, खाने या चबाने वाले लोगों को उनकी तुलना में 50 फीसदी ज्यादा होता है, जो तंबाकू यूज़ नहीं करते। माउथ कैंसर आम तौर पर गाल, गम्स और होंठों में होते हैं।

3. एल्कोहल-शराब पीने वालों को माउथ कैंसर होने का खतरा बाकी लोगों से 6 फीसद ज्यादा होता है। तम्बाकू सेवन युवा पीढ़ी के लिए अभिशाप है। वर्ष 2020 में ष्भ1द्वस्र19. एबम ब्लैक फंगस के मरीजो में भी तम्बाकू उपयोग करने बाले लोगों को अधिक इन्फेक्शन हो रहा है।मेरे मित्र समाज सेवी एवं पिछले लगभग 30 वर्ष से गुटखा हानिकारक है नशा मुक्ति अभियान चला रहे माली कृष्ण गोपाल कश्यप जिन्हें उत्कृष्ट कार्य के विगत वर्ष मध्यप्रदेश शासन द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया है। कश्यप का कहना है वर्तमान में नशीले गुटखा पाउच का प्रचलन ज्यादा हो रहा है। गुटखा पाउच को सभी उम्र के लोग खा रहे हैं। गुटखा खाने से मुंह का कैंसर होता है। गुटखा में तंबाकू के साथ और भी नशीली वस्तुओं का मिश्रण किया जाता है। आपका कहना है गुटखा पाउच जिसे हम चाव से खाते है वह कैंसर को शीघ्र जन्म दे रहा है।

संक्षिप्त समाचार

भाटापारा लोकोत्सव में लोक संस्था सुरता की धूम, लोककला संरक्षण हेतु विजय मिश्रा सम्मानित

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ी लोक कला के उन्नयन हेतु बीते 33 वर्षों से भाटापारा में सतत आयोजित लोकोत्सव 2024 में लोक कला मंच सुरता ने मनमोहक प्रस्तुति दी। लोकोत्सव में सूरता के संचालक वरिष्ठ रंगकर्मी विजय मिश्रा अमित को डॉक्टर जितेंद्र आडिल स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। त्रिदिवसीय लोकोत्सव में सुरता टीम के पैंतीस कलाकारों ने सुवा, करमा, ददरिया, मावलिया जश गीतों की प्रस्तुति से जनमन को मंत्रमुग्ध कर दिया।सुरता के नृत्य निदेशक नरेंद्र जलक्षत्रीय की भरपूर सराहना हुई। इस अवसर पर सभी कलाकार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सुरता के कलाकारों में सर्वश्री अर्जुन मानिकपुरी, तोसन निर्मलकर, नीतीश यादव, कृष्णा सपहा, नारायण- लोकेश- चंद्रहास साहू देवा कश्यप, अशोक निषाद, अभिषेक पांडे, अंजलि भट्ट मानसी साहू, नूतन साहू, ऋषिका पांडे, नूतन, रौशनी, ज्योति पायल, सुनीधि साहू, मैरी मसीह ने नृत्य- गायन- वादन में भागीदारी दी।

भीषण गर्मी को देखते हुए पानी सप्लाई में निरंतरता बनी रहे : आयुक्त

भिलाईनगर (आरएनएस)। भिलाई नगर निगम के सभागार में आज समीक्षा बैठक के दौरान सभी जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता की उपस्थिति में आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निर्देश दिये कि निगम भिलाई क्षेत्र में कही भी पानी की सप्लाई बाधित न हो। हर नागरिक को पीने का पानी मिले यह सुनिश्चित किया जाये। इस संबंध में नियमित पेयजल सप्लाई के साथ-साथ निगम क्षेत्र के सभी पावर पम्प, हैण्ड पम्प का संधारण गुणवत्तापूर्वक किया जाये, निगम के संधारण करने वाले दस्ता से यह सुनिश्चित किया जाये की उनके द्वारा पम्पो का संधारण किया जा रहा है वह गुणवत्तापूर्वक हो उसी पावर पम्प में दुबारा शिकायत न मिले उसका समय सीमा निर्धारित किया जावे। निगम के द्वारा सप्लाई पाईप लाईन में कहीं भी लिकेज होने की स्थिति में उसका तत्काल संधारण किया जावे। हैण्ड पम्प में कही भी जलभराव न हो यह भी ध्यान रखा जाये। आवश्यकता हो तो टेंकर से भी सप्लाई नियमित रूप से किया जाये। निगम के इंजिनियर एवं सुपरवाईजर इस बात का ध्यान रखे की जिन बस्तीयो में टेंकर से पानी सप्लाई हो रहा है वहां निर्धारित स्थल एवं समय पर पानी सप्लाई हो। यह शिकायते मिल रही है कि टेंकर सप्लाई करने वाले ड्राईवरो द्वारा चिन्हित स्थल से पहले ही गाड़ी खड़ा कर देते है जिससे नागरिको को परेशानी हो रही है। उसको तुरन्त रोका जाये और ऐसे ड्रायवरो पर कार्यवाही हो, इसके लिए स्थानीय नागरिको से जानकारी प्राप्त किया जाये की पानी समय पर मिल रहा है की नहीं। सभी इंजिनियर एवं सुपरवाईजर इसका निरीक्षण करते रहे। किसी भी नागरिक को पानी की समस्या होने पर निगम के जोन कार्यालय को सूचित करें।

भीषण गर्मी में बिजली कटौती से जनता में आक्रोश

दुर्ग (आरएनएस)। नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ. प्रतीक उमरे ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से दुर्ग के विद्युत विभाग की बदहाल कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार तथा इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग किया है। पूर्व एल्डरमैन डॉ. प्रतीक उमरे ने बताया की एक ओर जहां छत्तीसगढ़ शासन सरप्लस बिजली वाला राज्य है।वहीं दूसरी ओर दुर्ग शहर के कसारीडीह क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों में प्रतिदिन बिजली बंद हो जाती है।क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति का बुरा हाल है। इससे व्यावसायियों के व्यापार पर असर पड़ रहा है साथ ही भीषण गर्मी के चलते जनता भी परेशान है। बिजली विभाग की रोजाना मनमानी बिजली कटौती से आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर जहां गर्मी ने बेहाल कर रखा है। वहीं दूसरी ओर घंटों बिजली गुल रहने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बिजली की अघोषित कटौती ने लोगों का आक्रोश बढ़ा दिया है।

गुरुओं का सानिध्य पाकर हृदय में गुरु का उदय कर लो तो जीवन कभी अस्त नहीं होगा : मुनि श्री प्रमाण सागर जी

विदिशा (विश्व परिवार)। गुरुओं का सानिध्य पाकर हृदय में गुरु का उदय कर लो तो जीवन कभी अस्त नहीं होगा, जीवन में व्यक्ति को बहुत सारे अवसर मिलते हैं लेकिन बहुत कम लोग हैं जो उन अवसरों का लाभ उठा पाते है। उपरोक्त उद्गार संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महाराज के परम प्रभावक शिष्य भावना योग प्रवर्तक मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने श्री दि. जैन अतिशय क्षेत्र ग्यारसपुर में व्यक्त किये।मुनि श्री ने चार बातों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि अवसर मिलना, अबसर खोना, अवसर तलाशना, और अबसर का लाभ उठाना पर प्रवचन की शुरूआत करते हुये एक कथानक से शुरुआत की। एक व्यक्ति अंतिम पहर में अपने गंतव्य से निकल आगे बड़ता है उसे गोली से भरी किसी पोटली की ठोकर लगती है बह उस पोटली को उठाकर तालाब के किनारे बैठ जाता है, एक एक कर गोली उस तालाव में छोडता जाता है अंतिम गोली बचती है और सूर्य की पौ फूटती है तो वह क्या देखता है कि जिन गोलिओ को उसने तालाब में फैका वह कोई साधारण गोली नहीं थी वल्कि बहूमूल्य रत्न थे। उसे बहूत पछतावा होता है। मुनि श्री ने कहा कि संसार में मनुष्य पर्याय को पाना भी एक अबसर है, जिन्होंने इस अवसर का लाभ उठाया उनका जीवन संवर गया। चार पक्तियाँ समर्पित करते हुये कहा कि जगत जलधि से पार उतरने का अद्भुत नौका है, मानव भव शास्वत सुख पाने का अनुपम मौका है जाग जाग हे ज्योति पुंज, यह अवसर बीता जाता जो क्षण गया -गया बापस फिर लौट कभी नहीं आता। उन्होंने कहा कि सभी को अपने जीवन से बहूत सिकायत रहती है। आपको मनुष्य जन्म मिला अच्छा शरीर मिला अच्छे संस्कार मिले गुरु सानिध्य मिला धन संपन्नता मिली यह अवसर क्या कम है, उन्होंने कहा कि ऐसे कितने लोग है जो संत समागम का लाभ उठा रहे है? साधू बनो या न बनो सज्जन व्यक्ती तो बन सकते हो। उन्होंने कहा कि तुम त्याग तपस्या और वृत्त धारण नहीं कर सकते तो कोई बात नहीं लेकिन मोक्ष मार्ग पर चलने बाले मोक्षमार्गीओ की सेवा तो कर सकते हो। उन्होंने कहा कि गुरु चरणों में दर्शनार्थी बन कर मत आओ गुरु चरणों में शरणार्थी बन कर आओ जो शरणार्थी बन कर आता है वह तर जाता है। मुश्किलों में भी जो अवसर को तलाश कर लेते है, वही व्यक्ति उन्नति के सोपान पर चड़ पाते है। इस समय तो आप लोगो का सीजन भी मद्दा है गुरु सुक्र अस्त है यह भी एक अबसर है। गुरुओं का सानिध्य पाकर हृदय में गुरु का उदय कर लो जीवन कभी अस्त नहीं होगा जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया मुनिसंघ का प्रात:काल 5:30 बजे से बागरोद से विहार हुआ एवं मुनिसंघ अतिशयक्षेत्र ग्यारसपुर पहुंचे। सांयकाल शंकासमाधान कार्यक्रम6ः20 से होगा मुनिसेवक संघ एवं गुरवर सेवा समिति के कार्यकर्ताओं की मंगल विहार में महत्त्वपूर्ण भूमिका चल रही है।

-अविनाश जैन

आर्यिका श्री सृष्टि भूषण माताजी ने धर्म सभा में बताया

बारिश न होने से फसल नष्ट हो जाती है और संस्कार न होने से नस्ल खराब हो जाती है

ललितपुर (विश्व परिवार)। आचार्य श्री सुमति सागर जी की परम प्रभाविका शिष्या गणनी आर्यिका वात्सल्य मूर्ति आर्यिका श्री सृष्टि भूषण माताजी संघ सहित ललितपुर के अटा दिगंबर मंदिर में विराजित हैं आयोजित धर्म सभा में आर्यिका श्री सृष्टि भूषण माताजी ने बताया कि संपत्ति आने पर विपत्ति भी साथ में आती है क्योंकि संपत्ति चले जाने पर खो जाने पर दुख होता है आपके पास बहुत सोना है किंतु अगर एक अंगूठी गुम खो जाती है तो जो अधिक सोना शेष है उसकी खुशी नहीं होती किंतु एक अंगूठी गुम होने का दुख होता है। लोभ, अहंकार दुख देता है मनुष्य का जब जन्म होता है तब आप रोते हैं और जगत हंसता है। आप जीवन में ऐसा कार्य करो कि आपके जाने का सब दुख मनाये। भीड़ में भेड़ की तरह नहीं सिंह की तरह रहना चाहिए हर इंसान में आत्म बल के कारण शक्ति बहुत है जब अग्नि दुर्घटना होती है तो कमजोर व्यक्ति अपाहिज व्यक्ति भी दौड़ लगा देते हैं क्योंकि उनके भीतर शक्ति और साहस है। जो संस्कारवान है वह धर्म सभा में आए हैं कहते हैं बारिश नहीं होने से फसल नष्ट हो जाती है इस प्रकार संस्कार के नहीं होने से नस्ल खराब हो जाती है लौकिक व्यवहार में आपकी दुकान में भीड़ बहुत है तो आप भूख प्यास कष्ट सब भूल जाते हैं इसी प्रकार की तन्मयता धर्म ध्यान के लिए भी होना चाहिए।मीडिया प्रभारी अक्षय एवम डा सुनील संचय अनुसार माताजी ने प्रवचन में वर्णी जी का एक कहानी सुनाई की जब उन्होंने भोजन करने बैठे तब माता से कहा कि आज नमक नहीं डाला तब माता ने सहज रूप से कहा कि तुम्हारा लेखन कार्य पूर्ण होकर क्या ग्रंथ पूरा हो गया तो वर्णी जी आश्चर्यचकित होकर बोले मां ऐसा क्यों कह रही हो माता बोली बेटा मैं 6 महीने से बिना नमक का भोजन दे रही हूं किंतु तुमने काम के कारण कभी भोजन में नमक की कमी महसूस नहीं की। साधु महावृत्ति भी अनेक व्रत के माध्यम से संयम में त्याग करते हैं व्रत परिसंखायन और अन्य व्रत से वह आत्म शक्ति का परीक्षण करते हैं कई बार एक करवट पर ही सोने का भी नियम ले लेते हैं। **-राजेश पंचोलिया**

'अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन@2047' डॉक्यूमेंट तैयार करने वर्किंग ग्रुप के अधिकारियों की बैठक

सबके लिए बेहतर स्वास्थ्य एवं खुशहाल समाज की स्थापना पर दिया गया जोर

रायपुर (विश्व परिवार)। 'अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन@2047' डॉक्यूमेंट तैयार करने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य एवं पोषण विषय पर गठित वर्किंग समिति की बैठक राज्य नीति आयोग अटल नगर नया रायपुर के सभा कक्ष में आज आयोजित की गई। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित लक्ष्य, चुनौतियां एवं सामर्थ्य विषय पर विस्तार से चर्चा की गई तथा वर्किंग समिति के सदस्यों द्वारा सुझाव दिए गए।

बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने अपने विभाग के लक्ष्य ,चुनौतियां एवं सामर्थ्य का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी।

राज्य में मृत्युदर कम करने, एनीमिया फ्री करने ,सभी के अच्छे स्वास्थ्य , टेली मेडिसिन, मदर एंड चाइल्ड केयर, हॉस्पिटल के अपग्रेडेशन, पीपीपी मॉडल की उपयोगिता, केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने, ट्रेनिंग संस्थाओं की गुणवत्ता सुधारने ,रिसर्च संस्थानों पर जोर, टीकाकरण, मेडिकल टूरिज्म हब बनाने, स्वस्थ एवं खुशहाल समाज बनाने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री अजय सिंह ,सदस्य सचिव श्री अनूप श्रीवास्तव, सदस्य श्री के. सुब्रमण्यम ने विभागों द्वारा बनाए गए लघु ,मध्यम एवं दीर्घकालीन विजन एवं रणनीतियों के निर्धारण हेतु आमजनों को लाभान्वित करने, गुड गवर्नेंस ,गुणवत्तापूर्ण जीवन सहित अन्य कल्याणकारी उपायों पर सुझाव दिए। राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री अजय सिंह ने कहा कि अच्छी क्वालिटी का रिपोर्ट बने जिसकी उपयोगिता सरकार के लिए अच्छा रहे।

सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सचिव श्री राहुल भगत ने कहा कि हमारे राज्य के सभी जिलों की कोई ना कोई विशेषता है जिसके माध्यम से पर्यटन को आकर्षण का केंद्र बनाते हुए प्रोत्साहित किया जा सकता है। सलाहकार डॉ धीरज तिवारी ने कहा कि नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक सभी उपायों का समावेश डॉक्यूमेंट में होना चाहिए।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक श्रीमती तूलिका प्रजापति, संचालक जनसंपर्क श्री अजय अग्रवाल, स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, संयुक्त संचालक डॉ नीतू गौरडिया सहित समिति के सदस्य गण एवं नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

मौसम विभाग ने जारी किया रायपुर में लू का अलर्ट

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में नौतपा के चलते लोगों को गर्मी की डबल मार झेलनी पड़ रही है। छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर शहर में तापमान 44 से 45 डिग्री तक पहुँच चुका हैं।

ऐसे में मौसम विभाग ने लू को लेकर अलर्ट जारी किया हैं।30 मई तक लोगों को गर्मी से और परेशान होना पड़ सकता है। 28 मई को प्रदेश के गौरेला पेंड्रा मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, मोहला मानपुर, अंतागढ़, अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़ छुईखदान गंडई, बालोद, बेमेतरा और कबीरधाम जिले के एक दो स्थानों पर हीट वेव चल सकता है। मौसम विभाग ने 29 और 30 मई को प्रदेश के बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के लगभग अधिकांश जिलों में हीट वेव चलने की संभावना जताई है।

बताया गया हैं कि आज मंगलवार को भी तापमान 45 से अधिक रहेगा। अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने और उसके बाद थोड़ी गिरावट होने की संभावना है।वहीं मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि 30 मई से मौसम का मिजाज बदल सकता है। कुछ जिलों में बारिश की मौसम विभाग ने संभावना जताई है। इस बार नौतपा 25 मई से 2 जून तक रहेगा। नौतपा के चौथे दिन मौसम के मिजाज में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिला है। तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत आस-पास के इलाकों में सुबह से ही भीषण धूप है। वहीं, मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश होने का अनुमान भी जताया है।सोमवार को बेमेतरा में अधिकतम तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे कम अधिकतम तापमान जगदलपुर में 37.3 डिग्री दर्ज किया। राजधानी रायपुर में तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून आगे बढ़ रहा है । बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग, मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग तथा उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी में मानसूनी गतिविधि शुरू हो गई है। साथ ही प्रबल चक्रवात रिमल उत्तर बंगाल की खाड़ी के ऊपर 7 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर दिशा में आगे बढ़ रहा है।

प्रदेश में कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा होने की संभावना है। साथ ही उत्तर पश्चिम दिशा से आने वाले गर्म और शुष्क हवाओं के कारण प्रदेश में अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों में बढ़ोतरी होगी।छत्तीसगढ़ के बारे में आईएमडी का अनुमान है कि यहां सामान्य से ज्यादा 106 फीसदी बारिश होगी।

ये पिछले साल के अनुमान से बेहतर है। साल 2013 में मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में 94 फीसदी बारिश का अनुमान लगाया था।

मौसम विभाग का कहना है कि आज तक की स्थिति में मानसून 31 मई तक केरल पहुंच जाएगा। सब कुछ सामान्य रहा, तो छत्तीसगढ़ में इसकी सामान्य तिथि 16 जून तक एंट्री हो जाएगी।हालात अनुकूल रहे, तो मानसून तय तारीख से पहले भी छत्तीसगढ़ पहुंच सकता है। वर्षा पर आधारित कृषि क्षेत्र में भी बारिश सामान्य से अधिक होने की संभावना है।जिनमें राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड और ओडिशा के हिस्से शामिल हैं।

46 दिगम्बर जैन मंदिरों में चल रहे ग्रीष्मकालीन श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविरों का हुआ स्थानीय समापन

जयपुर (विश्व परिवार)। श्रमण संस्कृति संस्थान के अन्तर्गत संचालित संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय एवं अखिल भारतीय श्रमण संस्कृति महिला महासमिति द्वारा श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति के सहयोग से शहर के 46 दिगम्बर जैन मंदिरों में गत 15 मई से चल रहे 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविरों का सभी मंदिरों में समापन हुआ। इस मौके पर शिविरार्थियों को सम्मानित किया गया।

श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति की अंचल अध्यक्ष शालिनी बाकलीवाल के मुताबिक इन शिविरों में पढ़ाए गये विषयों की हुई परीक्षा में उत्तीर्ण हुए प्रशिक्षणार्थियों को स्थानीय मंदिर कमेटियों द्वारा बुधवार 29 मई को आयोजित समापन समारोह में पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर आचार्य विद्या सागर महाराज पर लघु नाटिका की प्रस्तुति भी दी गई।

जनकपुरी दिगम्बर जैन मंदिर के अध्यक्ष पदम चन्द बिलाला ने बताया कि जनकपुरी दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित समापन समारोह में शीला डोड्या मुख्य अतिथि एवं विनिता जैन तथा संस्थान के मंत्री सुरेश कासलीवाल थे।बापूनगर के समापन समारोह में भी शीला डोड्या ने सहभागिता की जहाँ मन्दिर समिति द्वारा उनका सम्मान किया गया।

प्रचार प्रसार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक हर मंदिर से हर विषय में प्रथम आने वाले प्रशिक्षणार्थियों की पुन: परीक्षा गुरुवार 30 मई को संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय में पं रतन लाल बैनाडा की स्मृति में रत्नाकर पुरस्कार हेतु होगी।जिसका पुरस्कार 2100/-व शील्ड संस्थान द्वारा दी जाएगी। प्रत्येक शिविर स्थल पर बुधवार 29 मई को आयोजित आचार्य विद्या सागर महाराज के जीवन से संबंधित विषयों अथवा संस्मरणों पर 10मिनट की प्रस्तुति में से सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति को एवं अधिकतम प्रशिक्षणार्थियों की संख्या, अधिक विषयों का पाठन के आधार पर तीन श्रेष्ठ मंदिरों को बिड़ला आडिटोरियम में 01 जून को होने वाले सामूहिक समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

गुरुवार को होगी रत्नाकर अवार्ड परीक्षा, सामूहिक समापन एवं सम्मान समारोह शनिवार को

धार्मिक मंत्री विनिता जैन एवं विद्युत लुहाडिया के मुताबिक इन शिक्षण शिविरों का सामूहिक समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार, 01 जून को बिड़ला आडिटोरियम में सायंकाल 7.00 बजे से होगा। इस मौके पर शिविरार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। **-विनोद जैन**

शहर में बिना परमिट, बिना लाईसेंस चल रहे ऑटो चालकों पर हुई कार्यवाही, 43 ऑटो जब्त

रायपुर (विसं)। यातायात पुलिस रायपुर द्वारा बुधवार को बिना लाईसेंस, बिना परमिट एवम् अन्य धाराओं के तहत 43 आटो वाहन के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही कर वाहन जप्त की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर ओम प्रकाश शर्मा के मार्ग दर्शन में उप पुलिस अधीक्षक गुरजीत सिंह एवं सुशांतो बनर्जी के नेतृत्व में यातायात पुलिस रायपुर के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा शहर के प्रमुख मार्गो में चेकिंग प्वाइंट लगातर सवारी आटो रिक्शा चालकों के विरूद्ध अभियान चलाया गया जिसके तहत वाहन के कागजात जैसे फिटनेस, बीमा, परमिट, लायसेंस आदि चेक किया गया। कार्यवाही के दौरान बिना लायसेंस के आटो चलाने वाले-13, बिना परमिट के आटो संचालन पर-21 एवं अन्य धाराओं के तहत 9 आटो चालकों पर इस प्रकार कुल 43 सवारी आटो चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत चालानी कार्यवाई कर जप्ती की कार्यवाही की गयी।

शहर के दस जैन मंदिरों में श्रमण संस्कृति संस्कार प्रशिक्षण शिविर, सम्मलित हो रहे बच्चों ने कहा- शिविर में मिलता है धार्मिक ज्ञान

ललितपुर (विश्व परिवार)। श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर द्वारा आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महामुनिराज के आशीर्वाद एवं निर्यापक मुनिपुंगव सुधासागर जी महाराज की प्रेरणा से नगर के दस जिनालयों में श्रमण संस्कृति संस्कार प्रशिक्षण शिविर में आर्यिका सृष्टिभूषण माता जी ससंघ का सानिध्य मिल रहा है। जिसमें सम्मिलित सैकडों बच्चों का मानना है कि शिविर में धार्मिक ज्ञान का बोध होता है। जैन मंदिरों में प्रात: एवं सायंकाल धार्मिक शिक्षण में सम्मिलित होने के लिए बच्चे अनुशासित ढंग से सम्मलित होते हैं और लौकिक शिक्षण की तरह ज्ञानार्जन कर करते हैं और अन्तिम दिन परीक्षा के माध्यम से अपनी प्रतिभा का आंकलन करते हैं।

जैन अटामंदिर में आर्यिका सृष्टिभूषण माता जी द्वारा धार्मिक ग्रन्थ छहढाला एवं आर्यिका विश्वयश मति माता जी द्वारा इष्टोपदेश का शिक्षण शिविरार्थियों को कराया जा रहा है। आर्यिका श्री ने कहा बच्चों को लौकिक ज्ञान तो कहीं भी किसी भी स्कूलों में मिल जाता है लेकिन वह धार्मिक एवं नैतिकता से अछूते रहते हैं। जिसके लिए ऐसे शिविर जरूरी है। उन्होंने कहा इन शिविरों में जिनके बच्चे सम्मलित होते हैं वह धार्मिक ज्ञान से कभी अच्छूते नहीं रहते। उन्होंने कहा ग्रीष्मकाल में ऐसे शिविर अत्यन्त उपयोगी रहते हैं। शिविर संयोजक डा0 आलोक शास्त्री एवं मुकेश शास्त्री ने शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि नगर के दस जैन मंदिरों में शिविर के माध्यम से सांगानेर संस्थान के तीस विद्वानों द्वारा पन्द्रह विषयों पर आधारित लगभग 40 कक्षाओं पर शिक्षण कार्य किया जा रहा है जिसमें दो जार से अधिक बच्चे, श्रावक श्राविकाए प्रतिभाग कर रहे हैं। 31 मई को प्रात:काल समाधिस्थ आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महामुनिराज के गुरू उपकार महोत्सव के उपलक्ष्य में अभिनंदनोदय तीर्थ क्षेत्र पर शिविर में प्रतिभाग करने बाले बच्चों द्वारा संगीतमयी सामूहिक पूजन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।

शिविर में प्रतिभागी बच्चों का कहना है

अंशी जैन का कहना है कि गर्मी की छुट्टी का सही उपयोग हो रहा है। प्रतिवर्ष लगने वाले शिविर में प्रतिभाग करती हूँ।शिविर में धार्मिक शिक्षा मिल रही है। अनव जैन अंचल का कहना है कि शिविर में धार्मिक शिक्षा के साथ साथ नैतिक शिक्षा को भी पढ़ाया जा रहा है। हम सब बच्चों के लिए यह गर्व की बात है इसमें हमें अच्छी बातें सीखने को मिलती हैं। स्तुति जैन का कहना है कि शिविर में पढाई करके खूब आनंद आ रहा है।ध्यान कराने वाले भैया खेल-खेल में धार्मिक शिक्षा का ज्ञान करा रह हैं जिससे हमें बालबोध पुस्तक के प्रश्नोत्तरी याद हो रही है। परी जैन का कहना है कि निर्यापक मुनि सुधासागर महाराज की प्रेरणा से ललितपुर में गुरू उपकार महोत्सव के रूप में शिविर लगना जैन समाज के लिए गौरव की बात है जिसमें अच्छे-अच्छे विद्वानों द्वारा सीख मिल रही है। अभिनंदनी जैन का कहना है कि जब भी धार्मिक शिविर लगते हैं हम सम्मलित होते हैं इसमें हमें वह ज्ञान मिलता है जो कहीं नहीं। मेरे जीवन में ऐसा मौका बार बार आए जिससे हमें अधिक से अधिक धार्मिक ज्ञान का बोध हो सके। देवांश जैन का कहना है कि शिविर में धार्मिक नैतिक संस्कारों के साथ प्रकृति संरक्षण का भी पाठ पढाया जा रहा है। वर्तमान समय में प्रकृति को किस तरह खुशहाल बनाया जा सकता है उसकी भी सीख हमें मिल रही है। यथार्थ जैन का कहना है कि शिविर में हमें जीवन जीने की कला को सिखाया जा रहा है शिविर के माध्यम से हम जीवन कौशलों की शिक्षा भी प्राप्त कर रहे हैं। अक्षत जैन का कहना है कि शिविर में धर्म की शिक्षा प्राप्त करके प्रतिदिन नियम भी दिया जा रहा है जिनका पालन करना भी सीख रहा है। जिससे जीवन में त्याग करने की भी सीख मिल रही है। **-पुष्पेंद्र जैन**

संक्षिप्त समाचार

अवैध शराब विक्रय करने वाले दो गिरफ्तार

धमतरी(विश्व परिवार)। धमतरी की सिटी कोतवाली तथा मगरलोड पुलिस ने अवैध शराब विक्रय के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से पांच लीटर देशी शराब तथा 17 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया है। बता दें कि धमतरी पुलिस द्वारा अवैध शराब,जुआ,सट्टा अवैध कारोबारियों पर लगातार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा बस स्टैण्ड प्रवेश द्वार के पास से मानिकलाल डहरिया पिता स्व. साजन दास उम्र 41वर्ष साकीन जालमपुर वार्ड धमतरी द्वारा अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने हेतु अपने मोटरसाइकिल में परिवहन करते मिला जिसके कब्जे से एक काले रंग के पिट्ठू बैग में 25 पौवा देशी प्लेन शराब एवं 04 पौवा मसाला शराब कुल 5.22 लीटर कीमती 2,690 रूपये तथा एक हिरो होंडा बाईक को जब्त किया है। वहीं थाना मगरलोड पुलिस ने ग्राम मड़ेली में अवैध कच्ची महुआ शराब बिकी की मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही कर आरोपी रामलाल कमार पिता स्व. सुखरू कमार उम्र 35 वर्ष ग्राम मड़ेली थाना मगरलोड के कब्जे से दो सफेद प्लास्टिक जरीकेन में कुल 17 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 3400 रुपये एंव बिक्री रकम 500 रूपये जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म,आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। युवती को शादी का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म करने तथा शादी से इंकार करने वाले एक आरोपी को पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी तुमडीबोड मे एक पीड़िता ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि एक युवक ने उसे शादी का झांसा दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376(2)(एन),294,323,506 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मजदूरी काम करने जाने दौरान ग्राम मचानपार के दीपक वासनिक से विगत 06 वर्ष पूर्व से जान पहचान हुई थी। तब से दोनों एक दूसरे से बातचीत करते थे। दिनांक 08.03.2024 को वह पहली बार दीपक के गांव मचानपार घुमने आई थी तब दीपक प्रार्थिया को अपने घर में ले जाकर शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया था और अपने साथ ग्राम कुल्हाडी अम्बागढ चौकी अपने नानी के घर भगाकर ले गया था और वहां भी दीपक वासनिक प्रार्थिया को शादी का प्रलोभन देकर कई बार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया था। प्रार्थिया द्वारा दीपक को शादी की बात बोलने दीपक प्रार्थिया के साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करता था जिस पर प्रार्थिया अपने परिवार वालो को घटना की जानकारी देकर पुलिस चौकी तुमडीबोड आकर रिपोर्ट दर्ज करने पर महिला विवेचना अधिकारी द्वारा अपराध सदर धारा का अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, बड़ा हादसा टला

बीजापुर(विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सोमवार रात एक बड़ा हादसा होने से टल गया। नेशनल हाईवे के किनारे कचरे में लगाई गई आग के कारण वहां लगे ट्रांसफार्मर में आग लग गई। दरअसल, बीजापुर गोंडवाना भवन के पास नेशनल हाईवे के किनारे रखे कचरे में व्यापारियों ने आग लगा दी, जिससे पास लगे बिजली ट्रांसफार्मर में आग भड़क उठी। सूचना पर पहुंची दलकल, बिजली विभाग और कोतवाली पेट्रोलिंग की टीम, ने मौके पर पहुंच कर समय रहते आग पर काबू पाया। राहत की बात ये है कि इस दौरान किसी प्रकार की जन-हानि नहीं हुई। समय रहते अगर आग पर काबू नहीं किया जाता तो आगजनी बढ़ सकती थी और आस पास में रहने और वहां से गुजरने वाले आमजनों को अपनी चपेट में ले सकती थी।

नहाने गई दो बच्चियों की डूबने से मौत

धमतरी(विश्व परिवार)। जिले के अर्जुनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीपरछेड़ी गांव में दो बच्चियों की नहाते समय गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई है। दोनों बच्चियां डैम में नहाने गई थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों बच्चियां एक ही परिवार की थी. घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया है. वहीं घटनी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. यह मामला अर्जुनी थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, ये घटना अर्जुनी थाना क्षेत्र के पीपरछेड़ी गांव की है. गांव में बालिका ओमलता यादव अपनी बुआ के घर गर्मी छुट्टी मनाने आई थी. वहीं आज सुबह बच्ची अपनी बुआ की बेटी के साथ डैम नहाने गई थी. इस दौरान दोनों बच्चियां गहरे पानी में चली गईं और डूबने से दोनों की मौत हो गई.

मस्ती की पाठशाला समर कैंप 2024 का हुआ शुभारंभ

कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी ने बच्चों का किया उत्साह वर्धन

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत , श्री कुमार विश्वरंजन के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 27 मई 2024 से जिले के सभी नगरीय निकाय ऋदंतेवाड़ा , बचेली, किरंदुल, गीदम, बारसूर के साथ ही विकासखंड कुआकोंडा एवं कटेकल्याण मुख्यालय में 10 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया है। दंतेवाड़ा में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा में, बचेली में शासकीय आदर्श माध्यमिक शाला बचेली में, गीदम में कन्या माध्यमिक शाला गीदम, बारसूर में बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारसूर में कुआकोंडा में सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुआकोंडा, किरंदुल में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरंदुल एवं कटेकल्याण में सेजेस हिंदी माध्यम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटेकल्याण में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस समर कैंप 27 मई 2024 से आगामी 5 जून तक चलेगा। इसका समय प्रात: 7रू30 बजे से 10रू30 बजे तक रखा गया है। मस्ती की पाठशाला,समर कैंप 2024 के तहत जिले के कक्षा पहली से लेकर 12वीं तक के छात्र छात्राओं आर्टस ,पेंटिंग , ड्राइंग, ड्रामा, डांस , गीत संगीत के माध्यम से विभिन्न विधा जैसे वृक्षारोपण, सामाजिक त्योहार, पानी बचाओ, स्थानीय त्यौहार, जैविक खाद्य निर्माण, सामाजिक असमानता, प्राथमिक उपचार, स्थानीय खानपान, सिंगल यूज प्लास्टिक, फिल्मों का प्रदर्शन, बालिका शिक्षा एवं बाल अधिकार तथा पालक सम्मेलन संबंधी विविध गतिविधियां की जाएंगी जिसे बच्चे भली-भांति सीख पाएंगे । इसके साथ ही समर कैंप के प्रथम दिवस में बच्चों में समर कैंप को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला । सभी स्थान में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया , आने वाले दिनों में बच्चों की संख्या और भी बढ़ेगी । मस्ती के पाठशाला समर कैंप के माध्यम से बच्चे अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखार पाएंगे, साथ ही नई नई गतिविधियों से परिचित होंगे । निश्चित रूप से बच्चों में जो पढ़ाई को लेकर तनाव होता है , समर कैम्प उसे दूर करने में काफी सहयोगी होगा, जो बच्चे किसी कारण से शाला त्यागी हो जाते हैं इस पर हम इस प्रकार की गतिविधियों से निश्चित रूप से अंकुश लगा पाएंगे और उन्हें पुन: शाला तक लेकर आएंगे । इसके अलावा पालक सम्मेलन एवं , ग्रामीण के सहयोग से विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में, इस प्रकार की कार्यक्रमों के माध्यम से प्रयास जारी रहेगा। इसी कड़ी में ग्रामीण स्तर के बच्चों के लिए जिले के सभी 143 पंचायतों के मुख्यालयो में 31 मई से समर कैंप का शुभारंभ किया जावेगा। आज इस समर कैंप में जिला स्तर से अधिकारी उपस्थित होकर शिक्षकों तथा बच्चों को प्रेरित करते नजर आए ।

मोबाइल को लेकर बच्चों में विवाद, 12 वर्ष का मासूम फांसी पर झूला

रामानुजगंज(विश्व परिवार)। रामानुजगंज बच्चों में बढ़ती मोबाइल की लत किस प्रकार से जानलेवा साबित हो रही है यह ग्राम मितगई में हुई घटना को देखकर समझ जा सकता है जहा मोबाइल देखने एवं बच्चों के बीच मामूली कहासुनी से 12 वर्ष का बच्चा इतना उग्र हो गया कि वह कमरे में जाकर दरवाजा बंद करके फांसी लगाकर लटक गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। घटना की सूचना पर जिला पंचायत के सभापति राजेश यादव मौके पर पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मितगई के वार्ड क्रमांक 1 निवासी आदित्य विश्वकर्मा खेत की ओर गए थे। वहीं उनकी पत्नी घर के बाहर थी इसी दौरन सुबह 9.30 के करीब उनके बच्चे आपस में मोबाइल देखना को लेकर मामूली कहां सुनी करने लगे इसी बीच उनका 12 वर्षीय पुत्र आशीष विश्वकर्मा इतना गुस्सा हुआ कि दूसरे कमरे में चला गया एवं फांसी से लटक गया। घटना के मुश्किल से 2 से 5 मिनट के अंदर पिता भी मौके पर पहुंचे तो बच्चों ने बताया कि दरवाजा आशीष ने बंद कर लिया है तो तत्काल हुए कमरे के ऊपर से खपड़ा हटाकर नीचे गए एवं आनन फानन में तत्काल बच्चों को लेकर 100 बिस्तर अस्पताल रामानुजगंज लाय। जहां बीएमओ डॉ हेमंत दीक्षित जांच उपरांत नृत्य घोषित किया घटना की सूचना पर मौके पर जिला पंचायत के सभापति राजेश यादव पहचे। मृतक बच्चे का जिला पंचायत के सभापति राजेश यादव के बगल में ही घर है। जिसके साड़ी के पल्लू पकड़ कर बच्चा बड़ा हुआ उसी के साड़ी से लटक कर दे दी जान..... आशीष अपनी मां की साड़ी से फंदा गले में लगाकर लटक गया जिससे उसकी जान चली गई जो जो बच्चा मां के साड़ी का पल्लू को पकड़ चलना सीखा वही बचा आज साड़ी से लटक कर जान दे दिया। बच्चों को कभी भी अकेले न छोड़े..... कई बार होता है कि अभिभावक अपने छोटे बच्चों को एक साथ खेलने के लिए बोलकर चले जाते हैं ऐसे में बच्चे कभी-कभी अच्छे से खेलते हैं लेकिन जब लड़ाई हो जाता है तो आपस में मारपीट करने लगते हैं ऐसे में बच्चों को अकेले छोड़ना उचित नहीं है। बच्चे जब भी खेल तो अभिभावकों के नजर में। बच्चों में मोबाइल का बड़ता लत होते जा रहा है।

लक्ष्य प्राप्ति के लिए स्वप्रेरणा एवं समय का सदुपयोग जरूरी - आंजनेय वार्ष्णेय

परिक्षेत्र साहू समाज झिरिया द्वारा सर्व समाज के लिए नि:शुल्क कोचिंग क्लास एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर जारी

धमतरी(विश्व परिवार)। जिला साहू संघ धमतरी के निर्देशानुसार साहू समाज परिक्षेत्र झिरिया द्वारा शासकीय हाईस्कूल देवपुर में संचालित सर्व समाज के बच्चों के लिए नि:शुल्क कोचिंग क्लास एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर के 23वां दिन धमतरी जिला पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय जी ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा जीवन के हर पहलू में सफलता के लिए समय का विशेष महत्व है द्य सभी विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण कर स्वप्रेरित होकर अध्ययन-अध्यापन करने मोटिवेट किया द्य साथ ही जीवन में योग, व्यायाम,खेलों का महत्व,मोबाइल एवं सोशल मीडिया से नुकसान एवं फायदे, दैनिक समाचार का महत्व, अपने राष्ट्र के प्रभुता,संस्कृति के प्रति समर्पण वेद,उपनिषद,पुराणों के प्रति सम्मान,महापुरुषों के जीवनी पढ़ना एवं उससे से प्रेरणा लेना, सीपीआर ट्रेनिंग एवं यूपीएससी परीक्षा एवं आवश्यक तैयारी संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर अनेक उदाहरण के माध्यम से विद्यार्थियों को मोटिवेट किया द्य जिससे बच्चे काफी उत्साहित और प्रभावित नजर आए द्य विद्यार्थियों ने अनेक प्रश्न पूछे और पुलिस अधीक्षक ने बड़े ही सहजता से जवाब देकर उनके जिज्ञासाओं को शांत करके मार्गदर्शन दिये । उन्होंने पूरे धमतरी जिले में साहू समाज द्वारा चलाए जा रहे कोचिंग क्लास, कैरियर गाइडेंस एवं समर कैंप की सराहना करते हुए कहा कि इससे हमारे जिले के शिक्षा गुणवत्ता का स्तर बढ़ेगा साथ ही आयोजन के लिए धन्यवाद प्रेषित किया ।

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ने दी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतगणना तैयारी जानकारी

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री जयंत नाहटा ने कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में आयोजित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और अभ्यर्थियों की बैठक में मतगणना तैयारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतगणना संबंधी सभी आवश्यक तैयारी पूरी हो गयी है। मतगणना डाइट परिसर में होगी। मंगलवार 04 जून को प्रात: 6 बजे आर्ब्जवर और अभ्यर्थियों के समक्ष स्ट्रांग रूम खोली जायेगी। मतगणना कक्ष में मोबाईल, स्मार्ट वॉच एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पर होगा प्रतिबंध। मतगणना केन्द्र में अभ्यर्थियों के निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता, मीडिया प्रतिनिधियों को जारी प्रवेश प्राधिकार पत्र के आधार पर ही प्रवेश दिया जायेगा। मतगणना केन्द्र के मुख्य द्वारा से मतगणना केन्द्र तक सभी को पैदल आना होगा। वाहनों की पार्किंग हेतु निर्धारित स्थान पर वाहन रखना होगा। मतगणना केन्द्र परिसर में मीडिया सेंटर स्थापित किया गया है। जिसमें मीडिया प्रतिनिधियों के लिए बैठने सहित कम्प्यूटर, इंटरनेट, टेलीविजन इत्यादि व्यवस्था की गयी है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि मतगणना सुबह 8 बजे शुरू होगी। मतगणना के लिए हरेक टेबल में गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक और माइक्रो आर्ब्जवर नियुक्त किये गये हैं। इस दौरान अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता रहेंगे। मतगणना कक्ष में अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता एक समय में कोई एक ही उपस्थित रह सकते हैं। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और अभ्यर्थियों से मतगणना प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से निष्पादित करने हेतु सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया।

रंगोली, चित्रकला, रैली के माध्यम से समुदाय के लोगों को किया जा रहा है जागरूक

माहवारी की बात, सबके साथ कलेक्टर ने दिया संदेश

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में यूनिसेफ एवं महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से जिले में 20 मई से 28 मई तक माहवारी स्वच्छता सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। हम सभी जानते है कि 28 मई का दिन माहवारी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस समाज में माहवारी के प्रति चुप्पी को तोड़ने के लिए एक प्रयास है. क्योंकि आज भी समाज माहवारी को गंदा और शर्म की बात समझता है, जिस पर कोई बात नही करना चाहता और आज भी समाज पूजा न करना, खाना न बनाना, रसोई में न जाना, अलग कमरे में रहना आदि कई प्रकार की भ्रांतियों को मानता है, माहवारी की बात सबके साथ बहुत जरूरी है। भ्रांतियों के कारण किशोरियों और महिलाओं काफी समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। इन सब भ्रांतियों और माहवारी पर चुप्पी को तोड़ने के उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देशन पर जिला प्रशासन दंतेवाड़ा ने माहवारी की बात, सबके साथ जागरूकता कार्यक्रम के तहत दंतेवाड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारसूर एवं सरस्वती माध्यमिक शाला स्कूल बचेली समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिनों एवं बच्चों के द्वारा रेड डॉट चैलेन्ज के तहत अपने हाथों को लाल रंग से रंगकर आम समुदाय को संदेश दिया। साथ ही ग्राम पंचायतों में किशोर सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत, युवोदय वालंटियर्स के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन के द्वारा माहवारी जागरूकता हेतु रंगोली, चार्ट पोस्टर, दीवार लेखन, चित्रकला, रैली के माध्यम से जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने लिया मतगणना केंद्र का जायजा

मौके पर वन-टू-वन चर्चा कर नोडल अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

कोरबा(विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय क्षेत्र कोरबा के मतों की गणना करने आईटी कॉलेज में स्थापित सीलबंद स्ट्रांग रूम 04 जून को मतगणना के दिन सुबह आब्जर्वर, रिटर्निंग आफिसर और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोले जायेंगे। स्ट्रांग रूम से ही ईव्हीएम मशीनों की कंट्रोल यूनिट मतगणना कक्ष तक पहुंचेंगी और आठ बजे से मतों की गणना प्रारंभ होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने यहां जिला मुख्यालय स्थित मतगणना केंद्र आईटी कालेज झगरहा पहुंचकर 04 जून को होने वाली मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मतगणना हेतु की जाने वाली आवश्यक व्यवस्था को लेकर संबंधित नोडल अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। श्री अजीत वसंत ने मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए मतगणना स्थल की संपूर्ण व्यवस्था, ईवीएम से मतों की गणना हेतु बनाए गए विधानसभावार कक्ष, ईटीपीबीएस, डाक मतपत्र की गणना, टेबूलेशन आदि कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने पर्याप्त संख्या में टेन्ट, बेरिकेडिंग, फर्नीचर, मीडिया सेंटर स्थापित करने, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं टेलीफोन व्यवस्था, साफ सफाई, अग्निशमन, पानी टैंक की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग के लिए स्थान आरक्षित करने तथा संबंधित अधिकारियों को स्टेशनरी प्रपत्र, आवश्यक सामग्री, फोटोग्राफी मशीन, कंप्यूटर, प्रिंटर, स्केनर, आपरेटर, लाइट व साउण्ड सिस्टम सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री वसंत ने आईटी कॉलेज में मतगणना हेतु चिन्हांकित विधानसभावार कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने निर्धारित स्थान पर कंट्रोल यूनिट से मतगणना हेतु टेबल कुर्सी लगाने तथा अभ्यर्थियों के एजेंट को बैठने हेतु कुर्सियां लगाने एवं जालीदार बेरीकेडिंग के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना कक्ष में वीवीपैट से गणना हेतु बनाए गए वीवीपैट काउंटिंग बूथ को निर्धारित स्थान पर बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रेक्षक, रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी की बैठक व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि मतगणना कक्ष तक ईवीएम का परिवहन करने वाले कर्मचारियों को निर्धारित स्थान पर पहुंचने में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके स्ट्रांग रूम से विधानसभा वार बैरीकेडिंग तैयार की जाए और विधानसभावार ईवीएम परिवहन करने वाले कर्मचारियों को आईकार्ड देकर अलग-अलग रंगों वाले टी-शर्ट प्रदान कर उनकी ड्यूटी लगाई जाए। कलेक्टर ने मतगणना कक्ष में सीसीटीवी लगाने, रिजर्व दल के कर्मचारियों के बैठने की आवश्यक व्यवस्था करने, परिसर में टेन्ट लगाकर जीतने वाले प्रत्याशी को प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवश्यक व्यवस्था करने, निर्बाध रूप से विद्युत की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जनरेटर उपलब्ध कराने, पेयजल की व्यवस्था और पार्किंग स्थल पर सुरक्षा तथा विद्युत व्यवस्था के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतगणना कक्ष से 100 मीटर दूर बैरीकेडिंग तथा अधिकारियों-कर्मचारियों प्रत्याशियों और निर्वाचन एजेण्टों के प्रवेश व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को संबंधित अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों का समय पर परिचय पत्र बनाना सुनिष्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग सहित मतगणना से संबंधित अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

व्यापार समाचार

वाबैग को ओमान से मिला 85 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट, डिसेलिनेशन प्लांट का रखरखाव करेगी कंपनी

मुंबई (एजेंसी)। पानी की तकनीक पर काम करने वाली कंपनी वा टेक वाबैग की ओर से मंगलवार को कहा गया कि कंपनी को ओमान की नामा वाटर सर्विसेज से पांच वर्षों तक अल-दुक्म डिसेलिनेशन प्लांट के संचालन और रखरखाव का ठेका मिला है। इसके सौदे की वैल्यू करीब 85 करोड़ रुपये है। चेन्नई के मुख्यालय वाली कंपनी वाबैग द्वारा ही 10 वर्ष पहले इस डिसेलिनेशन प्लांट को निर्माण किया गया था और 2018 तक कंपनी ही इसके संचालन और ऑपरेशन का कार्यभार संभालती थी। कंपनी के जीसीसी के सेल्स और बिजनेस डेवलपमेंट डायरेक्टर, सुब्रमण्यम एम ने कहा कि ओमान में मिला यह ऑर्डर हमारी ग्रोथ की रणनीति के मुताबिक है। इससे हमारे संचालन और रखरखाव की ऑर्डर बुक मजबूत होगी। एन्युटी इनकम हमें बेहतर कैश फ्लो और अच्छी आय हासिल करने में मदद करेगी। कंपनी ने अपनी रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि इस प्लांट से उत्पादन होने वाले पानी का इस्तेमाल अल वुस्टा गवर्नरेट के दुक्म और हैमा क्षेत्रों में घरेलू खपत के लिए किया जाएगा। सुब्रमण्यम ने आगे कहा कि हम नामा वाटर सर्विसेज का धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने हमारी टेक्निकल क्षमता पर विश्वास जताया। इसके कारण हमें दोबारा ऑर्डर मिल रहे हैं। वाबैग एक वाटर टेक्नोलॉजी कंपनी है। यह राष्ट्रीय के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कार्य करती है। कंपनी सरकार के साथ इंडस्ट्रीज को भी वाटर सॉल्यूशंस उपलब्ध कराती है। कंपनी के पास 1,600 से ज्यादा पानी की टेक्नोलॉजी के पेशेवर हैं, जो कि 4 महाद्वीपों के 25 से ज्यादा देशों में फैले हुए हैं। कंपनी के अनुसार, उसने पिछले तीन दशकों में 1,400 से ज्यादा म्युनिसिपल और इंडस्ट्रियल प्लांट्स बनाए हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की आय करीब 2,856 करोड़ रुपये की थी। इस दौरान कंपनी को 250 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

31 मई को होगी 29,000 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड की नीलामी

नई दिल्ली(एजेंसी)। वित्त मंत्रालय ने 31 मई को मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित की जाने वाली नीलामी के जरिए तीन लॉट में 29,000 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड की बिक्री की घोषणा की। पहले लॉट में कई मूल्य विधियों का उपयोग करके उपज-आधारित नीलामी के जरिए 12,000 करोड़ की अधिसूचित राशि के लिए नई सरकारी प्रतिभूति 2029 शामिल है। 6,000 करोड़ रुपये मूल्य की न्यू जीओआई एसजीआरबी 2034 की दूसरी खेप भी मल्टीपल प्राइस पद्धति का उपयोग करके नीलाम की जाएगी, जबकि 11,000 करोड़ मूल्य की 7.34 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2064 का तीसरा सेट मल्टीपल मूल्य पद्धति का उपयोग करके मूल्य आधारित नीलाम किया जाएगा। सरकार के पास तीनों प्रतिभूतियों में से प्रत्येक के बदले 2,000 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सदस्यता बरकरार रखने का विकल्प होगा। सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी में गैर-प्रतिस्पर्धी बोली सुविधा योजना के अनुसार प्रतिभूतियों की बिक्री की अधिसूचित राशि का पांच प्रतिशत तक पात्र व्यक्तियों और संस्थानों को आवंटित किया जाएगा। नीलामी के लिए प्रतिस्पर्धी और गैर-प्रतिस्पर्धी दोनों बोलियां 31 मई, 2024 को भारतीय रिजर्व बैंक कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में प्रस्तुत की जानी चाहिए। गैर-प्रतिस्पर्धी बोलियां सुबह 10.30 बजे के बीच प्रस्तुत की जानी चाहिए। और सुबह 11 बजे और प्रतिस्पर्धी बोलियां सुबह 10.30 बजे से 11.30 बजे के बीच पेश की जानी चाहिए। नीलामी का परिणाम 31 मई, 2024 (शुक्रवार) को घोषित किया जाएगा और सफल बोलीदाताओं द्वारा भुगतान 3 जून, 2024 (सोमवार) को किया जाएगा।

रियलमी के टॉप परफॉर्मर जीटी 6 टी की बढ़ रही डिमांड

नई दिल्ली(एजेंसी)। रियलमी जीटी सीरीज नए रियलमी जीटी 6टी के साथ चर्चाओं में बना हुआ है। पावरफुल चिपसेट, सुपर-फास्ट चार्जिंग और अपने सेगमेंट में सबसे बड़े वीसी कूलिंग सिस्टम के फीचर्स के साथ, रियलमी ने इसे टॉप परफॉर्मिंग ट्रियो करार दिया है। रियलमी ने 22 मई को ऑफिशियल डिवाइस को लॉन्च किया, जिससे अपकमिंग पहली सेल के लिए फैंस काफी एक्साइटेड है। रियलमी ने अहमदाबाद में अपने फ्लैगशिप स्टोर पर एक स्पेशल पॉप-अप इवेंट को होस्ट किया, जिसमें डिवाइस के ऑफिशियल लॉन्च से पहले एक्सक्लूसिव फर्स्ट लुक से पर्दा हटाया गया। 600 से ज्यादा फैंस चिलचिलाती गर्मी के बावजूद स्टोर में आए, जिससे यह साबित हुआ कि जीटी 6टी का क्रेज कितना है। रियलमी ने पहले आने वाले 150 लोगों को मिस्ट्री बॉक्स दिए, जबकि पहले 10 लकी कस्टमर्स को और भी बड़े अवॉर्ड जीतने का मौका देने के लिए खास 'रियलमियाओ' लेगो बॉक्स और स्क्रैच कार्ड मिले। पॉप-अप इवेंट को जबरदस्त सफलता मिली, इसमें जीटी 6टी डिवाइस का पूरा स्टॉक पूरी तरह से बिक गया। यह जबरदस्त रिस्पॉन्स साफ तौर से रियलमी की लेटेस्ट ऑफर्स को लेकर लोगों के क्रेज को दिखाता है। एक्साइटमेंट को जारी रखने के लिए, रियलमी ने 28 मई से अमेजन पर जीटी 6टी के लिए अर्ली एक्सेस सेल की घोषणा की है। सेल दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक सीमित समय के लिए चलेगी, जिससे लोगों को बढ़ती डिमांड वाले डिवाइस को खरीदने का एक और मौका मिलेगा। अहमदाबाद में पॉप-अप इवेंट को मिला जबरदस्त रिस्पांस स्मार्टफोन मार्केट में क्रांति लाने की रियलमी जीटी 6टी की क्षमता का बयां करता है। जैसा कि हम अर्ली एक्सेस सेल के लिए तैयार हैं, यह कहना सही होगा कि 'टॉप परफॉर्मर' रियलमी जीटी 6टी ने लोगों में एक्साइटमेंट को बढ़ाया है। उम्मीद है कि रियलमी जीटी 6टी अपने एडवांस फीचर्स, मॉडर्न टेक्नोलॉजी और शानदार कीमत के साथ परफॉर्मेंस में बिल्कुल फिट होगा। इसकी उपलब्धता ने बाजार में हलचल पैदा कर दी है। जिस स्पीड से पॉप-अप इवेंट में रियलमी जीटी 6टी बिक गया, उसको ध्यान में रखते हुआ आप कैलेंडर में मार्क करना न भूलें और रियलमी से बिल्कुल नया पावर हाउस लेने के लिए अर्ली एक्सेस सेल लाइव होने पर तैयार रहें।

रिकवरी के दिनों को याद कर पंत ने कहा दो महीने तक ब्रश भी नहीं कर सका

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की कार दुर्घटना हाल के भारतीय क्रिकेट इतिहास की सबसे दुखद घटनाओं में से एक थी। ऋषभ पंत जानलेवा कार दुर्घटना का शिकार होने के बाद पेशेवर क्रिकेट में वापसी कर पाएंगे या नहीं, इसको लेकर सस्पेंस बना हुआ था। लेकिन पंत ने कभी हार न मानने वाले रवैये के साथ आईपीएल 2024 के जरिए मैदान में वापसी की और अब टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा भी हैं। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने एक भयानक दुर्घटना और काफी चोटों को झेलने के बाद अपना अनुभव साझा किया, जिसमें उन्हें कई फ्रैक्चर हुए और घुटने की चोट के लिए लिगामेंट पुनर्निर्माण और उपचार की आवश्यकता पड़ी। यह चोटें उनके करियर के लिए गंभीर थीं, लेकिन उन्होंने 15 महीने के रिहैबिलिटेशन के बाद हाल ही में आईपीएल 2024 में वापसी की। चोट से उबरने के दौरान आत्म-विश्वास बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि आपके आस-पास लोग तरह-तरह की बातें कह रहे हैं और आपको, एक व्यक्ति के रूप में यह सोचना होगा कि आपके लिए क्या अच्छा है। पंत ने अपने भारतीय टीम के साथी शिखर धवन द्वारा आयोजित एक मजेदार टॉक शो, धवन करेंगे के नए एपिसोड के दौरान खुलासा किया, जब मैं इसके बाद उठा, तो मुझे यह भी यकीन नहीं था कि मैं जीवित रह पाऊंगा या नहीं, लेकिन भगवान ने मुझे नया जीवन दिया। मैं दो महीने तक अपने दांत भी साफ नहीं कर सका और छह से सात महीने तक मुझे पीड़ा झेलनी पड़ी। मैं व्हीलचेयर में लोगों का सामना करने से घबरा रहा था। यह घोषणा होने के बाद भी कि पंत इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, कई लोगों ने सवाल किया कि क्या वह वही बल्लेबाज होंगे जो पहले हुआ करते थे, और क्या विकेटकीपिंग कर पाएंगे। लेकिन, पंत ने शानदार वापसी के बाद सभी सवालों को खारिज कर दिया और 13 पारियों में 40.55 की औसत से 155.40 की स्ट्राइक रेट से 446 रन बनाए। उन्होंने कहा, अब जब मैं क्रिकेट में वापसी कर रहा हूं, तो दबाव महसूस करने से ज्यादा मैं उत्साहित हूं।

सेंसेक्स 126 अंक की बढ़त के साथ खुला, निफ्टी 23,000 के करीब

मुंबई(एजेंसी)। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में हल्की बढ़त के साथ खुला। बाजार के ज्यादातर सूचकांक एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहे हैं। सुबह सेंसेक्स 126 अंक या 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75,516 और निफ्टी 44 अंक या 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,976 अंक पर था। लार्जकैप के साथ बाजार में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 183 अंक या 0.35 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,944 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 39 अंक या 0.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,059 अंक पर बना हुआ है। इंडिया विक्स में मामूली बढ़त बनी हुई है और यह आधा प्रतिशत की तेजी के साथ 23.31 अंक पर बना हुआ है। ऑटो, आईटी, रियल्टी और ऑयल एवं गैस के शेयरों में गिरावट है। वहीं, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मीडिया और इन्फ्रा के शेयरों में तेजी बनी हुई है। एनएसई पर सकारात्मक रुझान देखने को मिला है। 1077 शेयर हरे निशान में और 916 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। सेंसेक्स में 19 शेयर हरे निशान में और 11 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। एनटीपीसी, टाटा स्टील, विप्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, एसबीआई, बजाज फाइनेंस और इंडसइंड बैंक टॉप गेनर्स हैं। टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, टीसीएस और एचसीएल टेक टॉप लूजर्स हैं। एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। टोक्यो और बैंकॉक के बाजार लाल निशान में हैं। वहीं, हांगकांग, शंघाई, जकार्ता और सोल के बाजार में तेजी है। अमेरिका के बाजार सोमवार को बंद थे। कच्चे तेल में करीब आधा प्रतिशत की तेजी है।

फ्रेंच ओपन: सुमित नागल कड़े संघर्ष में खाचानोव से हारे

पेरिस(एजेंसी)। शीर्ष भारतीय एकल खिलाड़ी सुमित नागल को फ्रेंच ओपन के मुख्य दौर के पहले राउंड में हारकर बाहर हो जाना पड़ा। सुमित को 18वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव ने सोमवार को हराया। 26 वर्षीय सुमित पहली बार फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रा में खेल रहे थे और उनका सामना टॉप-20 खिलाड़ी से हुआ। पहले दो गेम आसानी से हारने के बाद वह तीसरे गेम में संघर्ष करते हुए उसे टाई ब्रेक तक ले गए। लेकिन क्ले कोर्ट नागल का पसंदीदा स्थल नहीं है और वह दो घंटे 27 मिनट के संघर्ष में 6-2, 6-0, 7-6(5) से हार गए। यह मैच कुछ देर के लिए बारिश से बाधित हुआ। नागल ने खाचानोव के

दो के मुकाबले चार डबल फाल्ट किये। वह दूसरी सर्विस पर खाचानोव के 68 फीसदी के मुकाबले 55 फीसदी ही कोर्ट पर रख पाए। विश्व रैंकिंग में खाचानोव के 19वें स्थान के मुकाबले नागल 95वें स्थान पर हैं। नागल का इस सत्र में 3-6 का जीत/हार का रिकॉर्ड है। उन्हें मैच में नौ ब्रेक अंक मिले और वह एक को ही भुना पाए जबकि खाचानोव ने 13 ब्रेक अंकों में से छह को भुनाया। नागल ने पहले सेट में शुरुआत में अपनी सर्विस बरकरार रखी लेकिन 28 वर्षीय रूसी खिलाड़ी खाचानोव ने लगातार नौ गेम जीतते हुए दूसरे सेट में नागल का 6-0 से सफाया कर दिया। नागल ने तीसरे सेट के 10वें गेम में खाचानोव की सर्विस तोड़ते हुए लगातार तीन गेम जीते और स्कोर 5-5 से बराबर कर दिया। दोनों खिलाड़ियों ने फिर अपनी-अपनी सर्विस बरकरार रखी और सेट टाई ब्रेक में चला गया।

अकेलेपन से लड़ने में मदद करेगा एआई

नई दिल्ली(एजेंसी)। एक रोबोटिक्स विशेषज्ञ ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक लोगों को अकेलेपन से लड़ने में मदद कर सकती है। अकेलापन स्वास्थ्य को गंभीर रूप से खराब कर सकता है। यूके के शेफील्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर टोनी प्रेस्कॉट ने अपनी नई पुस्तक द साइकोलॉजी ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में तर्क दिया है कि एआई के साथ रिश्ते लोगों को सामाजिक संपर्क जैसा समर्थन दे सकते हैं। कॉग्निटिव रोबोटिक्स के प्रोफेसर टोनी ने कहा, जब लोग अकेलापन महसूस करते हैं तो वह समाज से अपने आप को अलग-थलग महसूस करते हैं, वह सभी से कट जाते हैं। उनका आत्मविश्वास कम हो जाता है। लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उन्हें इस समस्या से बाहर लाने में

मदद कर सकता है। वह उन्हें अभ्यास करने और अपने सामाजिक कौशल में सुधार करने का एक तरीका दे सकता है। टोनी ने कहा, कई लोग अपने जीवन को अकेले ही बिताते हैं। ऐसे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उन्हें एक साथी की तरह ही साथ दे सकता है। उन्होंने कहा, एआई साथी के रूप में भावनाओं को मजबूत कर और सामाजिक कौशल को बनाए रखने या सुधारने में मदद कर इस चक्र को तोड़ने में मदद कर सकता है। पुस्तक में प्रोफेसर मानव मस्तिष्क की प्रकृति और उसकी संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं की पड़ताल करते हैं और एआई के विकास के तरीके से इसकी तुलना करते हैं। उन्होंने कहा कि मनोविज्ञान और एआई की साझेदारी नेचुरल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दोनों में आगे की अंतर्दृष्टि को खोल सकती है। अकेलेपन का असर के बारे में बात करें तो 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार मोटापे की तुलना में अकेलापन मानव स्वास्थ्य के लिए अधिक हानिकारक है। इस कारण से मौत का खतरा 26 प्रतिशत तक तक बढ़ सकता है। यह हृदय रोग, मनोभ्रंश, स्ट्रोक, अवसाद और चिंता के बड़े खतरे को भी दावत दे सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन में 3.8 मिलियन लोग इस समस्या से पीड़ित हैं।अमेरिका में हार्वर्ड के एक अध्ययन में पाया गया कि 36 प्रतिशत अमेरिकी वयस्क और 61 प्रतिशत युवा अकेलेपन का अनुभव करते हैं।

रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग का आल टाइम स्कोरिंग रिकॉर्ड तोड़ा

रियाद(एजेंसी)। फुटबॉल के सर्वश्रेष्ठ फरवर्डों में से एक क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने शानदार करियर में एक और मुकाम हासिल कर लिया है। 39 वर्षीय रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग का आल टाइम स्कोरिंग रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सत्र के अपने आखिरी मैच में

दो गोलों के साथ उनके गोलों की संख्या 35 पहुंच गयी है और उन्होंने अब्दर्रज्जाक हमदाल्लाह के 2019 में 34 गोलों की संख्या को पीछे छोड़ दिया है। अपने इस रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के बाद उन्होंने सोशल मीडिया का सहारा लिया और एक्स पर अपना एक बयान डालते हुए कहा,मैं रिकार्डों का पीछा नहीं करता, उलटे रिकॉर्ड मेरे पीछे आते हैं। अल - नासर ने सत्र का समापन दूसरे स्थान पर रहकर किया। वह अपने प्रतिद्वंद्वी अल- हिलाल से पीछे रहे, जिसका प्रदर्शन शानदार रहा और उसने 34 मैचों के सत्र में एक भी मैच नहीं गंवाया। पुर्तगाल के रोनाल्डो ने अपनी बेहतरीन क्षमता दिखाई और सर्वाधिक मदद करने में वह 11 मदद के साथ लीग में तीसरे स्थान पर रहे। पांच बार के चैंपियंस लीग विजेता 2023 में अल-नासर से जुड़े और फिर लीग में एक क्रांति ला दी। उनके आगमन ने यूरोप में बड़े नामों के खाड़ी क्षेत्र में आने का रास्ता साफ़ किया जिसमें करीम बेंजेमा, नेमार जूनियर और रियाद मेहराज शामिल हैं।

रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने लॉन्च किया रिलायंस पर्सनल एक्सीडेंट 360शील्ड आपको और आपके परिवार को विस्तृत कवरेज के साथ पूरी सुरक्षा देने वाला प्लान

मुंबई। भारत में साधारण बीमा क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में से एक, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने आज बड़े गर्व के साथ अपने नए प्रोडक्ट, रिलायंस पर्सनल एक्सीडेंट 360शील्ड के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस पॉलिसी है, जिसे लोगों और उनके परिवारों को बेमिसाल सुरक्षा प्रदान करने के इरादे से डिज़ाइन किया गया है। यह सुरक्षा कवर वाकई बेहद खास है, जिसे आपको और आपके अपनों को न केवल व्यक्तिगत दुर्घटना के प्रभावों से बचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, बल्कि यह दुर्घटना के बाद एक बड़े झटके के रूप में परिवार के सामने आने वाले गंभीर प्रभावों से भी सुरक्षा देता है। इस पॉलिसी का उद्देश्य भारत के साथ-साथ दुनिया भर में दुर्घटना के प्रभाव से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर 360 डिग्री सुरक्षा मुहैया कराना है। यह पॉलिसी बिल्कुल अनोखी है जो सामान्य तौर पर दुर्घटना की वजह से विकलांगता या मृत्यु की स्थिति में मिलने वाले कवरेज से परे है, क्योंकि यह दुर्घटना के बाद के परिणामों और उससे जुड़ी लागतों का व्यापक रूप से समाधान पेश करती है। दुर्घटनाएँ कुछ ही पलों में लोगों की जिंदगी में उथल-पुथल मचा सकती है, जिससे इंसान न केवल शारीरिक रूप से घायल होता है, बल्कि तुरंत पैसों की ज़रूरत की वजह से स्थिति और भी तनावपूर्ण हो जाती है। यह पॉलिसी ज़रूरत के समय बीमाधारक और उनके परिवार की हर तरह से सहायता सुनिश्चित करती है, जिसमें अस्पताल में भर्ती होने से लेकर आउट-पेशेंट के खर्चों के लिए कवरेज के अलावा घर, वाहन और एजुकेशन लोन जैसी निजी एवं आर्थिक देनदारियों से लेकर कानूनी सहायता की व्यवस्था करने और इसके अलावा भी बहुत किसी चीजों का कवरेज शामिल है। दुर्घटना से जुड़ी तमाम बातों को शामिल करने वाली यह पॉलिसी सुनिश्चित करती है कि, आपके पास दुर्घटना से जुड़ी विभिन्न आकस्मिक ज़रूरतों के लिए ऑल-इन-वन कवरेज उपलब्ध हो। इसके अलावा, इस पॉलिसी में लाभ और क्षतिपूर्ति सुविधाएँ दोनों शामिल हैं, ताकि आपको हर तरह से सुरक्षा प्राप्त हो सके। इसप्रोडक्टकेलॉन्च के मौके पर, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के सीईओ, श्री राकेश जैन ने अपनी राय जाहिर करते हुए कहा, हम हर हाल में यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि, हमारा हर देशवासी और उनके परिवार लोग अचानक सामने आने वाली किसी भी तरह घटना से सुरक्षित रहें। रिलायंस पर्सनल एक्सीडेंट 360 शील्ड को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जो जरूरी कवरेज प्रदान करने के साथ-साथ मुसीबत की घड़ी में हर तरह से सहायता भी प्रदान करता है। यह पॉलिसी लोन और ईएमआई की मजबूती से सुरक्षा के साथ आर्थिक बोझ को कम करती है, जिससे प्रभावित परिवार पैसों के तनाव के बजाय दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की सेहत पर विशेष ध्यान दे सके।

सवाना सीड्स और एडमा इंडिया ने लॉन्च किया फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन

बिलासपुर: छत्तीसगढ़ में धान की खेती करने वाले किसानों के लिए करगा एक मुख्य समस्या बना हुआ है। धान की मुख्य फसल के साथ उगने वाले इस जंगली धान की वजह से यहां के किसानों को काफी नुकसान उठना पड़ता है। करगा की समस्या से किसानों को निजात दिलाने व विकसित भारत और टिकाऊ कृषि के दृष्टिकोण के अनुरूप, बुधवार को छत्तीसगढ़ के गंडई में सवाना सीड्स और एडमा इंडिया ने संयुक्त रूप से फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन लांच किया। सवाना सीड्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री अजय राणा ने इसके दूरगामी परिणामों को रेखांकित करते हुए कहा,卐फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन खरपतवार प्रबंधन की महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान करके धान की खेती में क्रांति लाएगा। यह न केवल किसानों की आय में वृद्धि करता है, बल्कि पानी का संरक्षण भी करता है। साथ ही ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को भी कम करता है। इस प्रकार भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारे पर्यावरण को सुरक्षित रखता है।卐 इस अवसर महिको के प्रबंध निदेशक और प्रमोटर, सिरीश बरवाले ने कहा, 卐फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन उत्पादन में वृद्धि के साथ साथ किसानों व पर्यावरण दोनों के लिए एक स्थायी भविष्य को सुरक्षित करने की क्षमता प्रदान करता है। फुलपेज की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियाँ कृषि पद्धतियों को सुव्यवस्थित करती हैं, लाभकारी बनाती है और पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाती है। बढ़ती जल चुनौतियों के मद्देनजर, फुलपेज जैसे तकनीकी हस्तक्षेप अपरिहार्य हैं।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, गुरुवार 30 मई 2024

आसमान से बरस रही आग पारा 44 के पार

रायपुर (विसं)। देश भर के साथ ही छत्तीसगढ़ में भी प्रचंड गर्मी महसूस की जा रही हैं। नौतपे के साथ ही हर दिन तापमान बढ़ता ही जा रहा हैं। शुरुआत में जहाँ पारा 40 से 42 डिग्री के करीब था तो वही आज का पूर्वानुमान चिंताजनक हैं। बताया जा रहा हैं कि राज्य एक 21 जिलों में आज का तापमान 44 डिग्री या उससे ज्यादा होगा। मौसम विभाग ने इस नौतपे और बढ़ती गर्मी को लेकर अलर्ट जारी कर दिया हैं। मौसम विभाग के अनुसार दिन में जहां धुप का प्रकोप होगा तो रात में उमस की वजह से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ सकता हैं।

संक्षिप्त समाचार

विपश्यना ध्यान एवं आहार सुधार की सहायता से उच्च रक्त चाप प्रबंधन पर सेमिनार 30 को

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय डंगनिया में विपश्यना ध्यान एवं आहार सुधार की सहायता से उच्च रक्त चाप प्रबंधन पर सेमीनार का आयोजन 30 मई को किया गया है। इसमें

विपश्यना ध्यान के आचार्य एवं प्राकृतिक चिकित्सा और योग के विशेषज्ञ एवं मुख्य अभियंता (सिविल) श्री सीताराम साहू स्वस्थ जीवन शैली के बारे में व्याख्यान देंगे। इसका आयोजन पॉवर कंपनी के सेवा भवन के सभाकक्ष में शाम 4 से 6 बजे तक किया जाएगा। श्री साहू ने बताया कि भागदौड़ की जिंदगी में स्वास्थ्य के प्रति हमारा ध्यान कम हो गया है, इसके कारण हमें तमाम तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। हाल ही में 17 मई विश्व हाइपरटेंशन दिवस मनाया गया, जिसकी थीम अपने रक्तचाप को सटिक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जीवित रहें है। हृदय रोग और स्ट्रोक से होने वाली आधी से अधिक मौतों का कारण हाइपरटेंशन है। चिकित्सकों व्दारा किए गए शोध में विपश्यना ध्यान से सकारात्मक परिणाम मिले हैं। इसी थीम को ध्यान में रखते हुए पॉवर कंपनी में यह सेमीनार आयोजित की जा रही है।

गुणवत्ता युक्त शिक्षा वर्किंग ग्रुप की बैठक सम्पन्न

रायपुर (विश्व परिवार)। राज्य नीति आयोग द्वारा अमृत काल विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने हेतु गुणवत्ता युक्त शिक्षा विषय पर गठित वर्किंग ग्रुप की प्रथम बैठक राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री अजय सिंह की विशेष मौजूदगी में आज यहां नीति भवन नवा रायपुर में आयोजित की गई। बैठक में वर्किंग ग्रुप के सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। नीति आयोग के सदस्य श्री डॉ. के.सुब्रमण्यम ने राज्य नीति आयोग द्वारा अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने हेतु गठित कार्य समूहों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए निर्धारित प्रमुख लक्ष्यों, प्रमुख चुनौतियों तथा विभागीय विजन संबंधी प्रस्तुतिकरण दिया गया। बैठक में सलाहकार डॉ. धीरेन्द्र तिवारी भी मौजूद थे। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने छत्तीसगढ़ विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के संबंध में गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के सचिव डॉ. एस.भारतीदासन ने विजन डॉक्यूमेंट के संबंध में भी विभागीय जानकारी के महत्वपूर्ण बिन्दुओं को रखा। आयुक्त उच्च शिक्षा श्रीमती शारदा वर्मा ने उच्च शिक्षा विभाग की विभागीय गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वर्किंग ग्रुप की बैठक में नीति आयोग के सदस्य सचिव श्री अनूप श्रीवास्तव, संयुक्त संचालक डॉ. नीतू गौरडिया, संयुक्त संचालक श्रीमती वत्सला मिश्रा, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, छत्तीसगढ़ कौशल विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, आईआईटी भिलाई, आईआईएम रायपुर, एनआईटी रायपुर सहित नीति आयोग के सलाहकार, संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

शहीद महेंद्र कर्मा विवि, बस्तर को उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के प्रयासों से मिली सौगात

विश्वविद्यालय को केंद्र की मेरु योजना के तहत मिलेगी 100 करोड़ की राशि

रायपुर (विश्व परिवार)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर को प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने एक बड़ी सौगात दी है। विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में मानव विज्ञान एवं जनजातीय, वानिकी एवं वन्य जीव, कंप्यूटर साइंस, बायो टेक्नोलॉजी, अंग्रेजी तथा राजनीति विज्ञान जिसमे पूर्व से केवल स्नातकोत्तर की कक्षाएं चल रही थी।

ऐसे में आदिवासी बाहुल्य बस्तर क्षेत्र के विद्यार्थियों को उक्त विषय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के दृष्टि से श्री अग्रवाल ने अब इन्ही विषयों पर स्नातक की कक्षाएं भी आगामी शिक्षा सत्र से प्रारंभ करने की अनुमति ने दी है। इस स्वीकृति से बस्तर के सुदूर पूर्व क्षेत्रों के विद्यार्थियों को विश्विद्यालय द्वारा उच्च स्तर की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा होगी। उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने इस के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री भारत सरकार से आग्रह कर विश्वविद्यालय को मेरु योजना के तहत 100 करोड़ रुपए स्वीकृत कराया है। इसी राशि में से विश्वद्यालय के द्वारा उक्त विषयों के संचालय, अधोसंरचना विकास संबंधी कार्यों में उपयोग किया जायेगा।

प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा निति लागु होने के के बाद श्री अग्रवाल द्वारा विश्वविद्यालयों में शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहे हैं।

निर्माणाधीन शास्त्री बाजार परिसर के निरीक्षण के लिए पहुंचे कलेक्टर और निगम कमिश्नर

तीन मंजिला परिसर जून तक पूरा करने की तैयारी में जुटा है रायपुर स्मार्ट सिटी

रायपुर (विश्व परिवार)। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट तहत बन रहे तीन मंजिला शास्त्री बाजार परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा भी उनके साथ थे। कलेक्टर डॉ. सिंह ने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट के शेष निर्माण कार्य जून माह तक पूरा करें साथ ही दुकानों के आबंटन की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें।

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत निर्माणाधीन तीन मंजिला शास्त्री बाजार परिसर में ग्राउंड फ्लोर सहित प्रत्येक तल पर 21 दुकान निर्मित की जा रही है। पूरे परिसर में कुल 84 दुकानें तैयार होंगे। परिसर के बेसमेंट पार्किंग में 70 बाइक एवं 30 कार रखने की व्यवस्था की गई है। इस बिल्डिंग की छत में सौर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा से परिसर को रोशन करने की योजना भी रायपुर स्मार्ट सिटी लि. ने बनाई है। लगभग 9 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन यह परिसर जून अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

निरीक्षण भ्रमण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने प्रोजेक्ट से जुड़े तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने के साथ ही दुकानों के आबंटन के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया। निरीक्षण भ्रमण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (तकनीकी) पी.के. पंचायती, अतिरिक्त महाप्रबंधक (तकनीकी) इमरान खान, जोन 3 कमिश्नर प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता श्री राकेश अवधिया, उप-प्रबंधक संजय अग्रवाल, असिस्टेंट मैनेजर योगेन्द्र साहू सहित कार्य एजेंसी की टीम उपस्थित रहीं।

रायपुर रेल मंडल में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर ऑफिसर्स रेस्ट हाउस/बीएमवाई में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया

रायपुर (विश्व परिवार)। दिनांक 29 मई 2024 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, टी आर डी, यांत्रिक, सिग्नल एवं दूरसंचार तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ ऑफीसर्स रेस्ट हाउस/बीएमवाई में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई-

स्पैड से बचाव के लिए बरती जानेवाली सावधानियां, शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, सिग्नल एवं पॉइंट की विफलता एवं रिले रूम में कार्य करने के दौरान सिग्नल तथा परिचालन कर्मचारियों के द्वारा बरती जाने वाली सावधानियां, ग्रीष्मकालीन पेट्रोलियम एवं कार्य क्षेत्र की संरक्षा, असमान लोडिंग हॉट एक्सेल एवं ब्रेक वाईंडिंग की पहचान एवं निवारण, पावर ब्लॉक एवं एक से अधिक मशीन एक ही ब्लॉक सेक्शन में कार्य करने के दौरान ली जाने वाली सावधानियां, अग्निशमन यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन तथा प्राथमिक उपचार पेटी का प्रदर्शन।

इस संरक्षा सेमिनार में श्री त्रिनाथ मोहंती, संरक्षा सलाहकार/विद्युत, श्री शंकर लाल पटेल, संरक्षा सलाहकार/सिग्नल एवं दूरसंचार, श्री भूपेश साहू, संरक्षा सलाहकार/यांत्रिक के साथ साथ सी डी टी आई/ श्री वर्मा। सी एल आई/बीएमवाई श्री तराम एवं ट्रेनिंग स्कूल का इंस्ट्रक्टर/श्री बागडेकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन/रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 82 लोगों ने भाग लिया।

सीबीएसई बारहवीं बोर्ड में छत्तीसगढ़ की टॉपर साक्षी सिरमौर को अगासदिया सम्मान 2024

रायपुर (आरएनएस)। दसवीं-बारहवीं बोर्ड के मेरिट होल्डर मेधावी दुर्ग जिले के विद्यार्थियों को सम्मानित करने के क्रम में कल राजधानी रायपुर में समारोह पूर्वक साक्षी सिरमौर को अगासदिया डॉ. खूबचंद बघेल प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया।

साक्षी सिरमौर ने सी.बी एस..ई. बोर्ड की बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया उसने यह कीर्तिमान 97.50त्न अंक अर्जित कर रचा। साक्षी सिरमौर दुर्ग के एडीशनल एस.पी. वेदव्रत सिरमौर एवं डॉ. नम्रता सिरमौर की बेटी है। छत्तीसगढ़ मनवा कूर्मि समाज के पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष रहे स्व. डॉ. रामकुमार सिरमौर की नातिन है साक्षी सिरमौर। उसे सम्मान पत्र, शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर अगासदिया ने सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशी राम वर्मा ने कहा कि दुर्ग जिले के मेरिट होल्डर खेतिहर किसान और श्रमिक परिवारों से जुड़े हुए हैं। कई बच्चों के माता-पिता श्रमिक भी हैं। उनके घरों से मेरिट होल्डर बच्चे निकले हैं।

डॉ. परदेशी राम वर्मा ने कहा कि डॉ. खूबचंद बघेल और छत्तीसगढ़ के पूर्वजों ने जो सपना देखा था उसे आगामी पीढ़ी पूरा करेगी, यह हम भरोसा कर सकते हैं। सम्मान सत्र का संचालन कलाकार महेश वर्मा ने किया। राजेन्द्र साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी वंदना प्रस्तुत किया।

गद्दा गोदाम में लगी भीषण आग, दो महिलाओं की मौत

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के गोंदवारा क्षेत्र में एक गद्दा गोदाम में भीषण आग लग गई। हस हादसे में गोदाम में काम करने वाली दो महिलाओं की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर के खमतराई थानाक्षेत्र के गोंदवारा में स्थित श्री गुरुनानक मैट्रेस स्लीप प्रो कम्पनी में बुधवार को भीषण आग लग गई। आग लगने की खबर मिलते ही पुलिस और शासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे वहीं दमकल कर्मी भी मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गये। बताया जाता है कि गोदाम में फोम रखे होने कारण आग जल्दी भड़क गई और देखते ही देखते पुरा गोदाम जलकर खाक हो गया। इस दौरान इलाके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जाता है कि जिस दौरान हादसा हुआ उस वक्त गोदाम में 7 कर्मचारी काम कर रहे थे, जिसमे से 5 को बचा लिय गया वहीं सरोरा निवासी 2 महिलाओं यमुना और रामेश्वरी की जलने से मौत हो गई है। गद्दा फैक्ट्री बिलासपुर निवासी महेश चंद्रलानी का बताया जा रहा हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

किडनी के गंभीर रोगों पर अनुसंधान और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता

एम्स में सीकेडी पर प्रो. विवेकानंद झा का व्याख्यान आयोजित

प्रत्येक 10वें व्यक्ति को किडनी की बीमारी, बदलती दिनचर्या और जलवायु परिवर्तन भी प्रमुख कारण

रायपुर (विश्व परिवार)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में किडनी के गंभीर रोगों (सीकेडी) पर आयोजित व्याख्यान में प्रख्यात नेफ्रोलॉजिस्ट और प्रदेश सरकार के विशेषज्ञ प्रो. विवेकानंद झा ने कहा है कि प्रदेश में सीकेडी के विषय में अभी और शोध एवं अनुसंधान की जरूरत है। साथ ही बढ़ते रोगियों की संख्या को देखते हुए चिकित्सकों और तकनीकी कर्मचारियों को बेहतर प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाना चाहिए।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के नेफ्रोलॉजी विभाग के तत्वावधान में आयोजित व्याख्यान में प्रो. झा ने कहा कि विश्व में प्रत्येक 10वां व्यक्ति किडनी रोगों से पीड़ित है। इसमें से कई किडनी रोगों के कारणों का अभी भी पता नहीं चला है। ऐसे में किडनी रोग तीसरी सबसे घातक बीमारी बन चुकी है। उन्होंने किडनी रोगों पर विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से निरंतर शोध करने पर जोर दिया। प्रो. झा का कहना था कि किडनी रोग की प्रमुख वजह बदलती दिनचर्या, जलवायु परिवर्तन, हीट स्ट्रेस, पेस्टीसाइड का बढ़ता प्रयोग, पैन किलर का गैर अनुपातिक प्रयोग, पेयजल में भारी धातुओं की बढ़ती अधिकता और जेनेटिक्स में बदलाव प्रमुख हैं। उन्होंने पेरिटोनियल डायलिसिस के रोगियों को और अधिक सुविधाएं प्रदान करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने प्रो. झा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. विनय राठौर का कहना था कि विभिन्न शोध परियोजनाओं के माध्यम से एम्स सुपेबेड़ा और आसपास के क्षेत्रों के किडनी रोगियों को उपचार की क्लिनिकल गाइडलाइंस बनाने पर कार्य कर रहा है। विभिन्न शोध परियोजनाओं से बीमारियों के नए कारणों के बारे में भी उपयोगी जानकारी मिल रही है।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर की अर्द्धवार्षिक बैठक सम्पन्न

अपने दैनिक कामकाज में आम बोलचाल की भाषा हिंदी का प्रयोग करें : आशीष मिश्रा

रायपुर (विश्व परिवार)। दिनांक 29.05.2024 को मंडल रेल प्रबंधक एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर श्री संजीव कुमार की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर की वर्ष 2024 की प्रथम छमाही बैठक रेल अधिकारी क्लब, उल्लास में आयोजित की गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा.) एवं उपाध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुस्तकें भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर श्री संजीव कुमार के करकमलों द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्रिका 'मुक्तांगन' के प्रवेशांक का विमोचन किया गया।

बैठक के प्रारंभ में श्री आशीष मिश्रा, अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में कहा कि अपने दैनिक कामकाज में आम बोलचाल की हिंदी का प्रयोग करें तथा समय-समय पर विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं को लागू करें। आपके ऐसे ही छोटे-छोटे प्रयासों से राजभाषा हिंदी के प्रति अनुकूल वातावरण तैयार होगा।

बैठक के दौरान नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर के सदस्य कार्यालयों की दिनांक 01.07.2023 से 31.12.2023 तक की अवधि की राजभाषा प्रगति की समीक्षा सचिव श्री निकेश कुमार पाण्डेय द्वारा की गई, साथ ही विभिन्न मदों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रति छमाही नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित करना अनिवार्य होता है। बैठक में हुई चर्चा से हम सभी यह जान पाए कि विगत छ: माह के दौरान सदस्य कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग-प्रसार की दिशा में क्या उल्लेखनीय परिवर्तन हुए तथा किन क्षेत्रों में और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। हम सभी यह संकल्प लें कि अगली छमाही बैठक के पूर्व हमारी जो भी कमियां हैं उन्हें हम अवश्य दूर कर लेंगे ताकि नराकास, रायपुर को गृह मंत्रालय का पुरस्कार प्राप्त हो सके।''

वर्तमान में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर के कुल 76 सदस्य कार्यालय हैं। इस बैठक में 73 सदस्य कार्यालयों एवं उपक्रमों के अधिकारीगण उपस्थित हुए। बैठक का संचालन श्री निकेश कुमार पाण्डेय, सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर एवं राजभाषा अधिकारी, द.पू.म.रेलवे, रायपुर ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

कलिंगा विश्वविद्यालय ने टॉपर्स सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों की सराहना की

रायपुर (विश्व परिवार)। कलिंगा विश्वविद्यालय एक शैक्षणिक संस्थान है, जिसने 29 मई 2024 को बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम टॉपर सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य कक्षा 12वीं के सीजीबीएसई, आईसीएसई और सीबीएसई के मेधावी छात्रों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देना और उन्हें प्रेरित करना था। कार्यक्रम का उद्देश्य उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन की सराहना करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ और इस अवसर पर श्री वाई राजेंद्र कुमार राव, सीईओ, एसएडीए सिरपुर, श्री आरके मिंज, पुलिस अधीक्षक-पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, माना, रायपुर, श्री उन्नीकृष्णन नायर, उप प्राचार्य, आदर्श विद्यालय, रायपुर तथा कलिंगा विश्वविद्यालय के सम्मानित गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। यह आयोजन इस अवसर की महत्ता का प्रमाण था, जिसमें टॉपर्स अपने गौरवान्वित माता-पिता के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए।

कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने अपने भाषण से सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने स्वागत भाषण दिया तथा विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने एक आकर्षक प्रस्तुति के साथ कलिंगा विश्वविद्यालय का परिचय दिया, जिससे छात्रों और उनके अभिभावकों को विश्वविद्यालय के चरित्र और शैक्षणिक पेशकश के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई।

यह कार्यक्रम प्रतिभा को उत्साहित करने और शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का अनुकरणीय प्रदर्शन था। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राज्य स्तर के टॉपरों को प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित करना था, जिसमें नकद पुरस्कार, योग्यता प्रमाण पत्र और कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति शामिल थी।

शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया तथा उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण को तदनुसार पुरस्कृत किया गया। सुश्री महक अग्रवाल और श्री साहेब सिंह होरा-सीजीबीएसई टॉपर-को 15, 000-15, 000 रुपये के नकद पुरस्कार के साथ प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। श्री कोपल अंबस्ट और सुश्री संजमप्रीत कौर-जो क्रमश: सीजीबीएसई और सीबीएसई के दूसरे टॉपर हैं-को क्रमश: 12, 000 रुपये के नकद पुरस्कार के साथ प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सीबीएसई और सीजीबीएसई की तीसरी टॉपर क्रमश: सुश्री भव्या अग्रवाल, सुश्री निशका वर्मा और सुश्री आयुषी गुप्ता को प्रशंसा प्रमाण पत्र के साथ क्रमश: 10, 000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त, चौथे से दसवें स्थान पर आने वाले प्रत्येक छात्र को प्रशंसा प्रमाण पत्र के साथ क्रमश: 5, 000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा, इन असाधारण उपलब्धि प्राप्त करने वालों के प्रति सराहना और समर्थन के संकेत के रूप में, कलिंगा विश्वविद्यालय ने राज्य के प्रत्येक टॉपर और 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले सभी छात्रों को 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान की। यह छात्रवृत्ति अवसर उन्हें बिना किसी वित्तीय बाधा के उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाएगा, तथा उन्हें उत्कृष्टता की अपनी यात्रा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

सम्मानित अतिथियों को स्मृति चिन्ह श्री अभिषेक शर्मा-निदेशक, विपणन द्वारा प्रदान किए गए। समारोह की संचालक सुश्री लिप्सा दाश-सहायक प्रोफेसर, विज्ञान संकाय थीं।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
G.S.T. रिटर्न Food Licence
इन्कम TAX फाईल M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस डिजिटल सिग्नेचर
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354